धर्मे ते धीयतां बुद्धिः
मनस्ते महदस्तु च
छठा वर्ष – द्वितीय अंक
दिसम्बर 2021

# सनातन संवर्धिनी







## श्रद्धांजलि विशेषांक



## डॉ० शिव कुमार

प्रधानः श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब), नई दिल्ली
श्री सनातन धर्म शिक्षा समिति (रजि.) चण्डीगढ़
गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म शिक्षा समिति, बैजनाथ
पूर्व विधायक, पालमपुर (हि.प्र.)

चार्टर्ड प्रेसीडेण्ट, रोटरी क्लब पालमपुर
चेयरमैनः रोटरी आई फाउण्डेशन, पालमपुर
रोटरी भवन ट्रस्ट, पालमपुर
रोटरी हेल्पेज़ फाउण्डेशन, पालमपुर

**श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब, (पंजी०) नई दिल्ली**

(कार्यक्षेत्र : दिल्ली, चण्डीगढ़, पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, जम्मू-कश्मीर)
मुख्य कार्यालयः भूपेन्द्र भवन, कृष्णा मार्केट, पहाड़गंज, नई दिल्ली-55, दूरभाषः 011.23586251, 23584016
शाखा कार्यालय-1 : सप्तऋषि आश्रम, सप्तसरोवर मार्ग, हरिद्वार, दूरभाष- 01334-261702
शाखा कार्यालय-2 : गोस्वामी गणेशदत्त भवन, सैक्टर 19-ए, मध्य मार्ग, चण्डीगढ़, दूरभाष : 0172-2543283

E-mail: sdprsabha@gmail.com

# झलकियां
## डॉ. शिव कुमार द्वारा रोटरी के माध्यम से किए गए सेवा कार्य











**संपादक मंडलः** डॉ. नन्द किशोर शर्मा, डॉ. भारती बन्धु, डॉ. विजय शर्मा
**परामर्श मंडलः** श्री इन्द्र मोहन गोस्वामी, श्री उपेन्द्र शर्मा, डॉ. देश बन्धु

# स्मृति शेष डॉ. शिव कुमार शर्मा

सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब (पंजीकृत) के प्रधान आदरणीय डॉ. शिवकुमार शर्मा जी एक लंबी बीमारी के उपरांत 29 नवंबर 2021 को अपना पंच भौतिक शरीर त्याग कर प्रभु के श्रीचरणों में विलीन हो गए हैं। उनके अपने शहर पालमपुर के हजारों निवासियों ने अपने पूर्व विधायक और प्रसिद्ध समाज सेवी डॉक्टर शिव कुमार शर्मा को अश्रुपूरित नेत्रों से भावभीनी विदाई दी। उनके देहावसान के दु:खद समाचार को सुनकर समूचे सनातन परिवार में शोक की लहर फैल गई। पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, जम्मू, उत्तराखण्ड, पश्चिमी उत्तर प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली और चण्डीगढ़ तक फैली विस्तृत कार्यक्षेत्र वाली सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के हजारों सनातन धर्मी कार्यकर्ता अपने प्रधान आदरणीय डॉक्टर शिव कुमार शर्मा जी की मृत्यु के हृदय-द्रावक समाचार के असह्य शोक से आहत हो हतप्रभ रह गए। **सनातन संवर्धिनी** के इस अंक में इस पत्रिका के संरक्षक और सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा तथा सनातन धर्म शिक्षा समिति के प्रधान पद पर दो दशक से अधिक समय तक विराजमान रहे डॉ. शिव कुमार शर्मा जी को श्रद्धा सुमन समर्पित करते हैं।

**सनातन संवर्धिनी का प्रस्तुत अंक स्मृति शेष डॉ. शिव कुमार शर्मा जी को समर्पित है।**

डॉ शिवकुमार जी बहुत ही मृदुभाषी, विनम्र स्वभाव और सौम्य स्वरूप के व्यक्ति थे। उनका अद्‌भुत व्यक्तित्व था। मानवसेवा और धर्मसेवा उनके जीवन का मूल ध्येय रहा है। महान स्वतन्त्रता सेनानी, निष्ठावान सनातन धर्मी, निष्काम सेवाधर्मी, समर्पित समाज सुधारक और उच्च कोटि के शिक्षाविद पूज्यपाद पिताश्री पण्डित अमरनाथ शर्मा जी के सहज सतत सांनिध्य में रहते हुए शैशवावस्था में ही डॉक्टर शिव कुमार जी के व्यक्तित्व में मानवसेवा के संवाहक सनातनी संस्कारों और मूल्यों का संचरण हुआ जो समय के साथ बाल्यकाल तक और अधिक पल्लवित और पुष्पित होते चले गए। उनका बाल्यकाल, यौवनावस्था और वानप्रस्थ तक का समस्त जीवन समाज-सेवा और धर्म-सेवा के प्रति समर्पित रहा है। उनकी दृष्टि में मानवता की सच्ची सेवा ही धर्म का सच्चा स्वरूप है। उनके जीवन भर के समस्त कार्यकलापों में धर्म और मानवता का यह समन्वित रूप देखा जा सकता है।

भारतीय संस्कृति में परोपकारी जीवन जीने वाले गौरवशाली व्यक्तियों का महत्त्वपूर्ण स्थान रहा है। उस व्यक्ति का जीवन ही वास्तविक जीवन हैं जिसके जीवन से उसके कुल-गोत्र के साथ-साथ धर्म, दर्शन, संस्कृति, समाज और राष्ट्र का उत्थान होता है। अन्यथा संसार में करोड़ों व्यक्ति जन्म लेते हैं और अपने कर्मों का अच्छा-बुरा फल भोग कर कराल काल का ग्रास बन जाते हैं। एक तपस्वी की भाँति त्याग-तपोमय और सेवापरायण जीवन जीने वाले, अपने वंश की समृद्‌ध परम्पराओं को और अधिक समृद्‌ध और परिपक्व करने वाले व्यक्ति का जीवन ही धन्य है, सफल और सार्थक है। अन्यथा तो कौवा भी जीता है, चिरकाल तक जीता है पर जीवन भर बलि के अन्न पर ही आश्रित रहता है। शास्त्र का स्पष्ट कथन है--

**सः जातो येन जातेन याति वंश समुन्नतिम्।**
**काकोऽपि जीवति चिरं च बलिं च भुंक्ते।**

वह शक्ति स्वरूपा माता श्रीमती इन्द्रावती धन्य हैं जिन्होंने डॉक्टर शिवकुमार जैसे तपस्वी व देवतुल्य पुत्र को

जन्म दिया। वास्तव में नारी का नारीत्व और मातृत्व सच्चे अर्थों में तभी सफल व पूर्ण होता है जब वह डॉ शिवकुमार जैसे कर्मवीर धर्मवीर और दानवीर भक्त जन को जन्म देती है। लोक में कहावत प्रचलित है कि

**जननी जने तो भक्तजन कै दाता कै सूर।**

**नहीं तो जननी बाँझ रहे काहै गँवावत नूर।**

डॉक्टर शिवकुमार शर्मा जी का समग्र जीवन एक निष्काम सेवाव्रती का जीवन रहा है। समाज का कोई भी वर्ग उनकी सेवाओं से अछूता नहीं रहा है। चिकित्सा के क्षेत्र में उन्होंने एक समर्पित डॉक्टर के रूप में अनगिनत गरीब और असहाय बीमार लोगों की भरपूर सेवा की है। उन्होंने रोटरी को मानव सेवा का सर्वोत्तम साधन माना। वे पालमपुर में रोटरी क्लब के संस्थापक अध्यक्ष रहे। उन्होंने रोटरी आई हॉस्पिटल की स्थापना कर पालमपुर को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति प्रदान की। नेत्र चिकित्सा के इस अंतर्राष्ट्रीय स्तर के अस्पताल में लाखों गरीब, असहाय और विवश लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करने वाले प्रकाश-पुंज के रूप में वे सदा स्मरण किए जाते रहेंगे। सामाजिक सेवा के क्षेत्र में डॉक्टर शिवकुमार शर्मा जी का अतुलनीय योगदान रहा है। उन्होंने वृद्धों और अनाथों के आवास के लिए आश्रम का निर्माण किया। विधवाओं और समाज द्वारा परित्यक्त महिलाओं के उद्धार के लिए नारी उत्थान केंद्र की स्थापना की। विकलांग एवं मंदबुद्धि बालकों के विकास के लिए अनेक प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं प्रारंभ की। इतना ही नहीं, अपने क्षेत्र के युवाओं को रोजगार का प्रशिक्षण देने के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र की भी स्थापना की।

शिक्षा-प्रसार के क्षेत्र में भी डॉ शिवकुमार जी का महनीय योगदान रहा है। वह सनातन धर्म शिक्षा समिति के प्रधान पद पर विराजमान रहे। उनके मार्गदर्शन में सनातन धर्म शिक्षा समिति से संबद्ध लगभग 52 स्कूलों और 20 के लगभग महाविद्यालयों में शिक्षा का चौमुखी विकास हुआ। अनेक नई शिक्षा संस्थाओं को खोला गया जिसमें गरीब परिवार के बच्चों को पब्लिक स्कूलों में पढ़ने की सुविधा प्रदान की गई। संस्कृत भाषा के प्रचार-प्रसार के लिए उनमें अति उत्साह था क्योंकि वे मानते थे कि यदि सनातन धर्म और वैदिक संस्कृति को सुरक्षित रखना है तो इसके लिए संस्कृत भाषा का संरक्षण होना और उसे निरंतर विकसित करते रहना जरूरी है। तभी हमारे ऋषि-मुनियों की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर सुरक्षित रह सकती है। भारत रत्न महामना मदन मोहन मालवीय जी की भाँति वे धर्म को वैचारिक और सैद्धांतिक स्तर की अपेक्षा व्यावहारिक रूप अधिक देना चाहते थे। उनकी दृष्टि में धर्म केवल प्रभु सेवा या नामस्मरण नहीं है। धर्म नारायण-सेवा के साथ-साथ नर की सेवा भी है। क्योंकि नर में भी नारायण का रूप विद्यमान है। सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के लिए डॉक्टर शिवकुमार शर्मा जी के कुशल नेतृत्व में सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा प्रत्येक दो वर्ष बाद अपने कार्यक्षेत्र में आने वाले किसी प्रदेश में विशाल स्तर पर सनातन धर्म महासम्मेलन का आयोजन करती रही है जिसमें राष्ट्र के मूर्धन्य संतों, शंकराचार्यो, महामंडलेश्वरों और संस्कृत के श्रेष्ठ मनीषी विद्वानों को सनातन धर्म के लोककल्याणकारी स्वरूप पर गहन चर्चा के लिए आमंत्रित किया जाता रहा है। डॉक्टर शिवकुमार जी के कार्यकाल में चंडीगढ़ के 19 सेक्टर में पंचमुखी हनुमान मंदिर का निर्माण हुआ। दिल्ली के ओखला क्षेत्र में आद्या शक्ति भगवती जगदम्बा के भव्य एवं दिव्य मंदिर का निर्माण किया गया। हरिद्वार में गोस्वामी गणेश दत्त चित्रशाला का निर्माण कार्य संपन्न हो चुका है। सनातन संवर्धिनी नामक अर्धवार्षिक पत्रिका का निरंतर प्रकाशन हो रहा है। उनकी इन बहुमुखी सेवाओं को देखते हुए कहा जा सकता है कि डॉ शिवकुमार शर्मा जी केवल एक व्यक्ति नहीं

थे बल्कि स्वयं में एक संस्था थे।

डॉक्टर शिवकुमार शर्मा जी के निधन से सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के सनातन परिवार की अपूरणीय क्षति हुई है। इनके परलोक गमन से रिक्तता का जो आभास हो रहा है उसकी भरपाई करना बहुत कठिन है। हमने एक दूरदर्शी अभिभावक और मार्गदर्शक खो दिया है। उनके दिवंगत होने पर जब एक साधारण सनातन धर्मी इतना आहत है तो ऐसी स्थिति में उस परिवार के सदस्यों पर क्या बीत रही होगी जिनके साथ डॉक्टर शर्मा जी का जन्म से लेकर मृत्यु पर्यन्त भावात्मक स्तर पर नितांत आत्मीय सम्बन्ध रहा है। संपूर्ण परिवार इस महान वट वृक्ष की सघन शीतल छाया में आनंद से जीवन यापन कर रहा था। पग-पग पर सहधर्मिणी का दायित्व निभाने वाली उनकी जीवन संगिनी डॉक्टर श्रीमती विजय शर्मा, उनके सुपुत्र श्रीयुत राघव और पुत्रवधू सौभाग्यवती गरिमा, सुपुत्री सौभाग्यवती वैशाली, दामाद श्रीयुत अवनीश, उनके छोटे भाई डॉक्टर देशबंधु और भ्रातृपत्नी डॉ भारती बंधु, भतीजे डॉक्टर विवेक और विनीत और परिवार के अन्य सदस्य अपने परम पूज्य, श्रद्धास्पद और वरिष्ठतम प्रियजन के अजस्र स्नेह और वात्सल्य के अभिषेक से वंचित हो गए हैं। बार बार भावनाओं का ज्वार उमड़ता है। एक साथ जिए हुए जीवन के सहस्रों मनोहारी प्रसंगों की दृश्यावली बार-बार सजीव और साकार हो उठती है, पर यह प्रामाणिक सत्य है कि हम सब नियति के समक्ष विवश हैं।

वास्तव में मृत्यु अनश्वर आत्मा की अनन्त यात्रा का मात्र एक पड़ाव है और हमारी इस अनंत यात्रा में पूर्व में भी अनगिनत पड़ाव आ चुके हैं। सांख्य दर्शन के प्रणेता महर्षि कपिल को अपने इस प्रकार के दस हजार पूर्व पड़ावों अर्थात् जन्मों का ज्ञान था । गीता में भगवान श्री कृष्ण ने भी अर्जुन को स्पष्ट कहा है कि मेरे और तुम्हारे न जाने पूर्व में कितने जन्म हो चुके हैं। उन सबको मैं तो जानता हूं पर अज्ञानता के कारण तुम्हें उन पूर्व जन्मों का ज्ञान नहीं है-

**बहूनि मे व्यतीतानि जन्मानि तव चार्जुन । तान्यहं वेद सर्वाणि न त्वं वेत्थ परंतप ।**

मृत्यु इस सृष्टि का सबसे अधिक उलझा हुआ रहस्य है। मृत्यु के इस रहस्य को कठोपनिषद के यम-नचिकेता संवाद के माध्यम से समझने का प्रयास किया जा सकता है। नचिकेता ने मृत्यु के प्रत्यक्ष देवता यमराज से अपने तीसरे वर के रूप में मृत्यु के संबंध में प्रश्न पूछा कि मनुष्य के इस मर्त्य लोक से चले जाने के पश्चात नितान्त संशय की स्थिति बनी रहती है। कुछ विचारशील लोग कहते हैं कि मृत्यु के पश्चात भी मनुष्य अथवा आत्मा का अस्तित्व बना रहता है जबकि अन्य की दृष्टि में आत्मा नामक कोई तत्व नहीं है। अतः मृत्यु के पश्चात कुछ भी शेष नहीं रहता। मैं अपने तीसरे वरदान के रूप में आपसे मृत्यु के इस रहस्य को जानना चाहता हूँ-

**येयं प्रेते विचिकित्सा मनुष्ये अस्तीत्येके नायमस्तीत्येके।**

**एतद् विद्यामनुशिष्टस्त्वयाहं वराणामेषः वरस्तृतीयः।**

इस संवाद का सार यह है कि मृत्यु जीवन का अटल सत्य है। पर यह शाश्वत जीवन का अन्त नहीं है। जीवन की सनातनता अनश्वर आत्मा में अनुस्यूत है। हमारे पवित्र ग्रंथ वेदों, उपनिषदों, पुराणों और श्रीमद् भगवद्गीता आदि में स्पष्ट रूप से आत्मा के स्वरूप का सटीक चित्रण किया गया है और कहा गया है कि आत्मा

अजर है, अमर है, नित्य और शाश्वत है । शरीर के मरने पर आत्मा नहीं मरती है। इसे अग्नि जला नहीं सकती, पानी गला नहीं सकता और वायु उड़ा नहीं सकता । पंच भूतों से बना हुआ मानव का शरीर अनित्य है, विनाशी है पर इस अनित्य शरीर में रहने वाला आत्म तत्त्व अविनाशी और नित्य है– **देहि नित्यमवध्योऽयं देहे सर्वस्व भारत।** जैसे व्यक्ति पुराने वस्त्रों को त्याग कर नए वस्त्रों को धारण कर लेता है वैसे ही यह आत्म तत्त्व पुराने जीर्ण शीर्ण शरीरों को त्याग कर अपने–अपने कर्म–भोग के अनुसार नए–नए शरीरों को धारण कर लेता है। जैसे संसारी जीवन में आत्मा पंच भूतों से बने स्थूल शरीर से नाना प्रकार के भोग भोगता है उसी प्रकार यह आत्म तत्व मृत्यु के पश्चात अपने स्थूल शरीर को त्याग कर 18 तत्त्वों से बने हुए सूक्ष्म शरीर के आश्रय में रह कर अपने कर्मों का भोग करता है । सूक्ष्म शरीर का निर्माण करने वाले अठारह तत्त्व हैं : पांच ज्ञानेन्द्रियां, पांच कर्मेन्द्रियां, पांच प्राण अथवा रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द नामक पांच तन्मात्राएं और मन, अहंकार, बुद्धि। यह सूक्ष्म शरीर ही चौरासी लाख योनियों के स्थूल देह को धारण करने की क्षमता रखता है। यह अणु से अणुतर और महान से महानतम रूप धारण कर सकता है। यह चींटी की देह में भी प्रवेश करता है और विशालकाय हाथी के शरीर में भी । सूक्ष्म शरीर जीव की अव्यक्त दशा कहलाती है। जैसे जीवन से मृत्यु तक की दशा व्यक्त या स्थूल दशा होती है वैसे ही मृत्यु से लेकर अगले जन्म तक की जीव की दशा अव्यक्त दशा होती है और जीवात्मा प्रत्येक मृत्यु के उपरांत इस अव्यक्त दशा में आता है। गीता में इन दोनों दशाओं का उल्लेख किया गया है ––

**अव्यक्तादीनि भूतानि व्यक्तमध्यानि भारत। अव्यक्त निधनान्येव तत्र का परिवेदना ।**

डॉक्टर शिवकुमार शर्मा के नाम से लोक व्यवहार में जीवनभर अभिहित की जाने वाली पुण्य आत्मा अपने ऐहि लौकिक कर्म–कलापों को सम्पूर्ण कर, अपने दृश्य स्थूल रूप को त्याग कर आज अपने अव्यक्त स्वरूप में विद्यमान है। यद्यपि उनका प्रत्यक्ष दर्शन संभव नहीं है पर अपने सत्संकल्पों, सद्विचारों और सद्व्यवहारों की मधुर स्मृतियों के रूप में आदरणीय डॉक्टर शिव कुमार शर्मा जी सदा हमारे मनोमस्तिष्क में छाए रहेंगे। अनादि–अनन्त ब्रह्म के ज्योतिर्मय स्वरूप से आविर्भूत हुई इस पुण्य जीवात्मा का पुनः उस परमज्योति में ही विलय हो गया है। जीव और ब्रह्म की यह एकरूपता और एकलयता सत्य सनातन धर्म के सांस्कृतिक दर्शन की अद्‌भुत और अनुपम देन है जो दिवंगत आत्मा के शोकसंतप्त आत्मीय जनों का उद्‌बोधन करती हुई उन्हें शोक सागर से पार लगाती है। शास्त्र का उद्‌बोधन है –तत्र को मोह: क: शोक: एकत्वमनुपश्यत:।

जीव और ब्रह्म की यह एकमयता ही सत्य लोक है, वैकुण्ठधाम है। महादेव शिव के उपासक इसे शिवलोक कहते हैं, नारायण के उपासक इसे गोधाम पुकारते हैं। हमारे पूज्य डॉक्टर शिव कुमार जी इसी लोक के वासी हो गए हैं। ऐसे दिव्य लोक में विराजमान रहते हुए वे अपनी मातृसंस्था सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब के सनातन परिवार पर अपना आशीर्वाद बनाए रखेंगे और अपने अदृश्य रूप में हमारा मार्गदर्शन करते रहेंगे। **सनातन संवर्धिनी का सम्पादक मण्डल स्मृतिशेष डॉक्टर शिव कुमार शर्मा जी का पुण्य पावन स्मरण करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि समर्पित करता है और परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त करता है।**

**ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः।**

**डॉ. नन्द किशोर शर्मा**
प्रधान सम्पादक

# परम श्रद्धेय डॉ शिव कुमार शर्मा: श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के स्तम्भ

**"इंसान चले जाते हैं उनके नाम याद आते हैं,**

**सलामत रहते हैं वो लोग, जिनके काम याद आते हैं।"**

प्रत्येक व्यक्ति को जीवन में निरंतर अग्रसर होने की प्रेरणा महापुरुषों से मिलती है। महापुरुषों का जीवन चरित्र ऐसा दीपक होता है जो पूरे संसार में ज्ञान का प्रकाश प्रवाहित करता है जिससे संसार में फैले अज्ञान रूपी अंधकार का अंत हो जाता है। ऐसे महापुरुष अपने व्यक्तित्व एवं कृतित्व द्वारा सम्पूर्ण संसार में सदैव वन्दनीय होते हैं। ऐसे महापुरुषों के समक्ष नतमस्तक होने से हमारा जीवन सफल बन जाता हैं एवं अपने लक्ष्य को प्राप्त करने में सार्थक हो जाता है। ऐसे ही बहुमुखी व्यक्तित्व एवं प्रतिभा के धनी श्रद्धेय डॉ शिव कुमार शर्मा जी एक सच्चे सनातन धर्मी, दयालू, कर्मठ व्यक्तित्व के धनी, नि: स्वार्थ सेवा कर्मी, सौम्यता की प्रतिमूर्ति, दैवी गुणों से सम्पन्न एवं मानव कल्याण को समर्पित व्यक्तित्व के स्वामी थे। डॉ शिव कुमार शर्मा जी ने आजीवन एक संस्था की तरह कार्य किया।

उन्होंने 22 वर्षों तक सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के प्रधान पद पर नि:स्वार्थ भाव से सेवा की। डॉ शिव कुमार शर्मा जी के पिता पं. अमरनाथ शर्मा जी समाज की आदर्श मूर्ति थे। अपने पिता के पदचिह्नों पर चलना, समाज की सेवा में नई चुनौतियों को स्वीकार करना आपका शौक था। डॉ शिव कुमार शर्मा जी ने अपने पिता जी के स्वप्नों को पूरा करने के साथ-साथ मानव कल्याण एवं सनातन धर्म की निष्काम सेवा की। मैं 1993 ई में उनके संपर्क में आया जब मैं जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज हरियाना में स्टाफ का प्रतिनिधि बना। उसके बाद द्विवार्षिक सनातन धर्म महासम्मेलन 29-30 अप्रैल 2000 ई. को जालन्धर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मुझे डॉ शिव कुमार शर्मा जी के साथ द्वारिकापीठाधीश जगद्गुरु शंकराचार्य स्वामी स्वरूपानन्द सरस्वती महाराज को अमृतसर हवाई अड्डे से लाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस दौरान हमारे बीच सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, सनातन धर्म शिक्षा समिति एवं सभा के अंतर्गत समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विषय में वार्तालाप हुआ। इस वार्तालाप में आपने मुझसे प्राचार्य के रिक्त पद के लिए आवेदन करने का सुझाव दिया और फलस्वरूप 20 जून 2000 ई, को प्राचार्य के पद पर मेरी नियुक्ति हुई। मैंने पूरी कर्तव्यनिष्ठा से, उनकी प्रेरणा एवं आशीष से 20 वर्षों तक अपना कर्त्तव्य निभाया।

डॉ शिव कुमार शर्मा जी का उदार व्यक्तित्व, समाज के प्रति लगाव, उनके जीवन की विशिष्टता रेखांकित करता है। वह क्षेत्रवाद तथा साम्प्रदायिक संकीर्णताओं से कोसों दूर थे। वसुधैव कुटुम्बकम् के सिद्धांत पर कार्य करते हुए आपने सनातन संस्कृति एवं वैदिक मूल्यों को अपनाया। उनकी प्रारम्भिक शिक्षा सनातन धर्म हाई स्कूल बैजनाथ एवं पालमपुर से हुई। मैडिकल कॉलेज अमृतसर में एम. बी. बी. एस. की डिग्री प्राप्त करने के उपरान्त उन्होंने अपना निजी

चिकित्सालय प्रारम्भ किया। उनका उद्देश्य चिकित्सा द्वारा धन अर्जित करना नहीं था बल्कि समाज की सेवा करना था। उन्होंने रामानंद बाल एवं वृद्धाश्रम, सलियाना, विधवा व प्रताडित महिलाओं के लिए नारी उत्थान केंन्द्र, सुंगल व वूमेन एंड चाइल्ड केयर अस्पताल की स्थापना की। वे पालमपुर में मैडिकल रिसर्च सेंटर की स्थापना के लिए गठित विवेकानंद मैडिकल रिसर्च ट्रस्ट एवं पालमपुर के पूर्व विधायक भी रहे। उन्होंने 13 मई, 1978 ई, को रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना करवाई व अध्यक्ष के रूप में क्लब से जुड़े एवं तीन बार क्लब के अध्यक्ष रहे। इसके बाद "रोटरी आई फाउंडेशन' पालमपुर के संस्थापक अध्यक्ष बनने पर 18 जून 1985 ई को मेलामल सूद रोटरी आई अस्पताल, मांरडा अस्पताल वर्तमान में हजारों लोगो को आखों की ज्योति दे रहा है। घुग्गर में रोटरी क्लब के संस्थापक के रूप में वे कार्यरत रहे। उनके द्वारा पालमपुर में दिव्यांग और मानसिक रूप से मंदबुद्धि बच्चों के लिए एक केन्द्र भी स्थापित किया। वे नेशनल सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑब बलाइंडनैस की हिमाचल प्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष के रूप में ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र शिविरों का आयोजन करते रहे। डॉ साहब श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पं.) के प्रधान, सनातन धर्म शिक्षा समिति (चंडीगढ़) और गोस्वामी गणेश दत्त शिक्षा समिति, बैजनाथ (हिमाचल प्रदेश) के प्रधान थे। उनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़ उत्तरप्रदेश, उत्तरांचल एवं जम्मू कश्मीर में सफल शैक्षणिक संस्थान कार्य कर रहे है।

उन्होंने केवल हिमाचल प्रदेश ही नहीं बल्कि उत्तर भारत में भी शिक्षा के प्रसार के लिए स्मरणीय कार्य किया, उनके द्वारा तीन विद्यालय क्रमशः जी.जी.डी.एस.डी. सी. सै. स्कूल, हरियाना, दीवान चमन लाल कत्याल प्लेवे स्कूल हरियाना एवं पं. अमरनाथ एस.डी. पब्लिक स्कूल, शाम चौरासी जिला होशयारपुर (पंजाब) में खुलवाये गये। इसके अतिरिक्त डॉ शिव कुमार शर्मा जी ने दो मंदिरों औखला, दिल्ली एवं पंचमुखी हनुमान मंदिर, सैक्टर-19 ए, चंडीगढ़ का निर्माण करवाया। उन्होंने सप्तऋषि आश्रम (हरिद्वार), भूपेन्द्र भवन, नई दिल्ली, गोस्वामी गणेश दत्त भवन, मध्यमार्ग, सैक्टर 19-ए चंडीगढ़ में एवं समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कमरों का नवीनीकरण करवाया। फिल्लौर में एस. डी. एम. एस. डी. पब्लिक स्कूल का पुनःनिर्माण उनके द्वारा करवाया गया।

उन्होंने बिना किसी पुरस्कार की अभिलाषा के निःस्वार्थ कार्य किया, परन्तु उन्हें कई बार सम्मानित किया गया। उन्हें 1993 ई. में सर्वोच्च रोटरी सम्मान अर्थात "सर्विस एबव सेल्फ" अवार्ड से सम्मानित किया गया। पालमपुर रोटरी आई फॉउंडेशन के रूप में वे प्रतिष्ठित पुरस्कार 1997 "गुलिसन अवार्ड" के प्राप्तकर्ता थे, जो कि दक्षिण एशिया में नेत्र देखभाल सुविधा विकसित करने में उत्कृष्ट होने के लिए "आप्रेशन आई साईट यूनिवर्सल" कैनेडा द्वारा प्रदान किया गया था। समाज सेवा में डॉ शिव कुमार शर्मा जी का अतुलनीय योगदान रहा। हिमोत्कर्ष परिषद् के संरक्षक के रूप में उनका मार्गदर्शन सदैव मिलता रहा। आपको गरीब एवं दलितों के उत्थान में भागीदारी के लिए हिमोत्कर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। उनकी सम्पूर्ण उपलब्धियों में आपकी धर्मपत्नी डॉ विजय शर्मा का अहम् योगदान रहा।

मैंने गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज, हरियाना में जब प्राचार्य का पद संभाला तब मेरा उनसे सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, सनातन धर्म शिक्षा समिति एवं इसके अंतर्गत समस्त विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के बारे में निरंतर वार्तालाप होता रहता था। वे हमेशा सनातन धर्म कॉलेज की अभिवृद्धि की बात किया करते थे। वे जी.जी.डी.एस.डी. कॉलेज हरियाना को सदैव प्रगति पथ पर अग्रसर देखना चाहते थे, उनकी इस इच्छा, मुझ पर अटूट विश्वास एवं आशीर्वाद के कारण ही संस्था का पुनरुथान तथा विकास निरंतर बीस वर्ष तक होता रहा और अब तक जारी है। वे कॉलेज में करवाये जाने वाले "यूथ एवं हैरिटेज फैस्टिवल" में अपना बहुमूल्य समय निकालकर आया करते थे। इसके साथ ही सभा के समस्त समारोहों का आयोजन हरियाना कॉलेज के प्रांगण में किया जाता था। अस्पताल जाने से तीन दिन पूर्व मेरे साथ हुई बातचीत में उन्होंने मुझे कहा कि आप मेरी तबियत की चिंता मत करें बल्कि सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, सनातन धर्म शिक्षा समिति, सनातन धर्म सभा के अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों की निरंतर प्रगति पर अपना ध्यान केंद्रित करें, क्योंकि इन्हे चरम सीमा तक पहुँचाना ही हमारा महत्वपूर्ण उद्देश्य है। उनके अकस्मात निधन से सनातन धर्म सभा में समाज सेवा के एक युग की समाप्ति हो गई। परन्तु मेरी सदैव यह अभिलाषा रहेगी कि हम उनके पदचिह्नों पर चलकर सनातन धर्म सभा को उन्नति के नये आयामों पर लेकर जाएं।

डा शिव कुमार शर्मा जी जैसे विनम्र, दयालु और कर्त्तव्यनिष्ठ युगपुरुष विलक्षण होते है। मैं सदैव इनके जीवन से प्रेरित रहा तथा सदैव इनके पद चिन्हों पर चलता रहूंगा। सनातन धर्म एवं सनातन संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन का श्रेय उन्हें ही जाता है। आने वाली पीढ़ियां उनके इस निष्काम धर्मत्राण के लिए सदैव उनकी ऋणी रहेगी।

**डॉ. गुरदीप कुमार शर्मा**

पूर्व प्राचार्य

महामन्त्री स० ध० शिक्षा समिति

***The thoughts Dr. Shiv Kumar believed in :***

*Bring solace where there is effiction,*
*strength where there is weakness,*
*light where there is darkness,*
*hope where there is despair.*

# रोटरी क्लब पालमपुर की प्रेरणा - डॉ. शिव कुमार

डॉ. शिव कुमार शर्मा एक मृदुभाषी और सज्जन व्यक्ति थे जिन्हें पालमपुरवासी प्यार से डॉ. शिव कहते थे। एक प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद्, स्वर्गीय पं. अमर नाथ शर्मा के पुत्र डॉ. शिव की प्रारंभिक शिक्षा सनातन धर्म हाई स्कूल, बैजनाथ और पालमपुर से हुई और मेडिकल कॉलेज अमृतसर से एमबीबीएस की। उन्होंने पालमपुर में अपनी निजी प्रैक्टिस शुरू की और खुद को सबसे लोकप्रिय व्यवसायी के रूप में स्थापित किया। उनके लिए चिकित्सा पेशा न केवल पैसा कमाने का साधन रहा है, बल्कि वास्तविक समाज सेवा का एक साधन भी था। अपने करियर की शुरुआत से ही वे पालमपुर और उसके आसपास की अधिकांश सामाजिक सेवा परियोजनाओं से जुड़े रहे।

डॉ. शिव 1978 में रोटरी क्लब पालमपुर के चार्टर अध्यक्ष के रूप में रोटरी में शामिल हुए और लगातार तीन वर्षों तक अध्यक्ष बने रहे। इस दौरान पूरे रोटरी जिले में पालमपुर रोटरी ने अपना नाम स्थापित किया। एक समर्पित रोटेरियन के रूप में अपने विशिष्ट करियर के दौरान उन्होंने जिला स्तर पर विभिन्न जिम्मेदारियां निभाईं, जिसके लिए उन्हें सराहना मिली और सभी जिला गवर्नरों ने उन्हें सम्मानित किया ।

वह पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रहे, जिसने पालमपुर के एक उपनगर मारंडा में एक विशाल रोटरी आई अस्पताल, प्रागपुर में एक सैटेलाइट नेत्र अस्पताल और धुसाड़ा में एक अन्य नेत्र अस्पताल की स्थापना की। वह पालमपुर रोटरी हेल्पेज फाउंडेशन के अध्यक्ष भी रहे, जिसने अपना घर और रामानंद गोपाल बाल आश्रम को पालमपुर के पास सलियाना में वृद्धों और अनाथों के लिए एक घर के रूप में स्थापित किया। विधवाओं और परित्यक्त महिलाओं के लिए रहने और व्यावसायिक गतिविधियों के लिए नारी उत्थान केंद्र के नाम से एक केंद्र स्थापित करने की एक और चुनौती को भी स्वीकार किया और इस परियोजना के तहत 50 बेसहारा महिलाओं के ठहरने के लिए छात्रावास की सुविधा गांव सुंगल (पालमपुर) में बनाई गई। जिसमें ऐसी महिलाओं को अपनी आजीविका कमाने में सक्षम बनाने के लिए बुनियादी ढांचे के साथ एक कार्यशाला शामिल है। इसके अलावा ग्राम ठाकुरद्वारा में विकलांग और मानसिक रूप से मंद बच्चों के लिए एक केंद्र भी स्थापित किया। निर्माण कार्य डॉ. शिव कुमार के गतिशील मार्गदर्शन एवं पर्यवेक्षण में ही चलते रहे।

पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में, डॉ. शिव कुमार को रोटरी आई हॉस्पिटल, मारंडा में 3-6 अक्टूबर, 1991 को ऑपरेशन आईसाइट यूनिवर्सल कनाडा के दक्षिण एशिया पार्टनर्स की दूसरी नेटवर्किंग कार्यशाला की मेजबानी करने का सौभाग्य मिला।

नेशनल सोसाइटी फॉर प्रिवेंशन ऑफ ब्लाइंडनेस की हिमाचल प्रदेश राज्य शाखा के अध्यक्ष के रूप में डॉ. शिव ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र शिविरों का समन्वयन करते रहे। 16 और 17 अप्रैल, 1993 को पालमपुर में आयोजित राष्ट्रीय स्तर पर दृष्टिहीनता की रोकथाम पर 27वें वार्षिक सम्मेलन के पीछे की आत्मा वे ही थे।

अपने महान पिता के पदचिह्नों पर चलना, समाज की सेवा में नई चुनौतियों को स्वीकार करना डॉ. शिव

का शौक रहा। उनकी व्यक्तिगत रुचि और हिमाचल प्रदेश में बेहतर शिक्षा के लिए बुनियादी ढांचे और सुविधाओं के निर्माण के प्रयासों के उत्साहजनक परिणाम सामने आए हैं। वह सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, पंजाब के अध्यक्ष और सनातन धर्म सभा हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल और जम्मू-कश्मीर में शैक्षणिक संस्थानों के अध्यक्ष रहे।

उन्होंने भाजपा विधायक के रूप में पालमपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था और हिमाचल प्रदेश की कई महत्वपूर्ण समितियों का नेतृत्व विधानसभा में किया ।

रोटरी इंटरनेशनल ने उनकी निस्वार्थ सेवा को मान्यता दी और 1993 के लिए उन्हें सर्वोच्च रोटरी सम्मान **Service above self** यानी स्वयं से ऊपर की सेवा अवार्ड से सम्मानित किया।

डॉ. शिव ने 1995 के लिए नेहरू सिद्धांत केंद्र ट्रस्ट द्वारा स्थापित मानवता की उत्कृष्ट सेवा के लिए सतपाल मित्तल पुरस्कार प्राप्त किया था।

पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन के अध्यक्ष के रूप में डॉ. शिव कुमार को दक्षिण एशिया में नेत्र देखभाल सुविधा विकसित करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के लिए एक अंतरराष्ट्रीय धर्मार्थ संगठन, ऑपरेशन आईसाइट यूनिवर्सल, कनाडा के प्रतिष्ठित द्विवार्षिक पुरस्कार गुलिसन पुरस्कार (1997) से सम्मानित किया गया था।

डॉ. शिव कुमार को समुदाय की निस्वार्थ सेवा के लिए रोटरी जिला और रोटरी इंटरनेशनल के विभिन्न जिला राज्यपालों से कई पुरस्कार प्राप्त हुएं।

डॉ. शिव कुमार को सबसे गरीब और दलितों के उत्थान में उनकी भागीदारी के लिए हिमोत्कर्ष पुरस्कार से सम्मानित किया गया। समाज के प्रति उनकी निस्वार्थ सेवा के लिए उन्हें हिमाचल केसरी और जिला मंडी जनकल्याण सभा (रजि.) नई दिल्ली द्वारा भी सम्मानित किया गया था।

डॉ. शिव कुमार पालमपुर में चिकित्सा अनुसंधान केंद्र की स्थापना के लिए गठित विवेकानंद मेडिकल रिसर्च ट्रस्ट के संस्थापक ट्रस्टी भी थे।

वह श्री सनातन धर्म लक्ष्मी नारायण मंदिर (बिड़ला-मंदिर) ट्रस्ट दिल्ली के भी ट्रस्टी थे।

डॉ. शिव की सभी उपलब्धियों के पीछे उनकी समर्पित और प्रेरक पत्नी पूर्व प्रधान इनरव्हील क्लब पालमपुर डॉ. श्रीमती विजय शर्मा हैं, जिनका जन्म 22 अक्टूबर को हुआ था और उनकी प्रारंभिक शिक्षा दिल्ली, धर्मशाला और जालंधर में हुई थी। उन्होंने मेडिकल कॉलेज, अमृतसर से एमबीबीएस भी किया। वह वास्तव में डॉ शिव की समाज सेवा में व्यापक भागीदारी के पीछे की भावना हैं और उनकी चिकित्सा पद्धति को साझा करती हैं। उनके दो बच्चे वैशाली और राघव हैं।

**डॉ. सुधीर सल्होत्रा**

डायरेक्टर

रोटरी आई हॉस्पिटल मारंडा (पालमपुर)

# वटवृक्ष स्वरूप डॉ. शिवकुमार शर्मा

**ईश्वर के वरदान सा वो इस भू पर आया था,**
**साधनहीन गरीबों की वो घनी छत्रछाया था,**
**मदद को असहायों की वो सदा आगे आया था,**
**ऋणी है समाज, आप का सब पर साया था।**

- वो डॉ शिव कुमार जिन का जीवन अपने आप में एक संस्था बन गया था। आज हमारे बीच नहीं रहे।
- वो डॉ शिव कुमार जिन का सस्ता इलाज हर निर्धन रोगी के लिए आशा की किरण था – आज हमारे बीच नहीं रहे।
- वो डॉ शिव कुमार जिन्हों ने रोटरी के माध्यम से सर्वोत्तम चिकित्सकों और सर्वोत्तम सुविधाओं वाले दूर दूर से नेत्र रोगियों को आकर्षित करने वाले आँखों के अस्पताल बनवाये – वो अब हमारे बीच नहीं रहे।
- वो डॉ शिव कुमार जिन्हों ने रोटरी के माध्यम से अनाथ बच्चों, असहाय महिलाओं , अकेले पड़ गए वृद्धों, दिव्यांग बच्चों के जीवन में सूर्य किरण सा उजाला फैलाया– वो अब हमारे बीच नहीं रहे।

पालमपुर, काँगड़ा, हिमाचल प्रदेश उत्तर – पश्चिमी भारत और विश्व स्तर पर अपने सेवाकार्यों की अमिट छाप छोड़ कर वे संत, मिष्टभाषी, अद्‌भुत दूरद्रष्टा, कर्मठ प्रकल्पकर्ता पंचतत्वों में विलीन हो उस परम परमेश्वर के नित्य सांनिध्य में पहुंच गए हैं और हमारे पास शेष रह गई हैं उन की स्मृतियाँ, उन के सेवाकार्यों, उन की स्थापित संस्थाओं में सर्वत्र व्याप्त उनके चरण चिह्न जिन्हें संभाल कर रखना और जिन का अनुसरण करना अब हमारा परम कर्तव्य है।

डॉ शिव कुमार का जन्म 4 जून 1939 को अखंड भारत के जेहलम प्रांत के वहाली जिले में अपने ननिहाल में हुआ। 1942 में जब पिता पंडित अमरनाथ ने धर्म और शिक्षा के क्षेत्र में सेवाकार्य के लिए तत्कालीन बृहद् पंजाब के काँगड़ा क्षेत्र को अपनी कर्मभूमि बनाया तो अपनी माता श्रीमती इंद्रावती और परिवार के साथ बैजनाथ और फिर पालमपुर आ गए। यहीं के सनातन धर्म विद्यालयों में उन्हों ने आरंभिक शिक्षा प्राप्त की। अक्सर अस्वस्थ रहने वाली माँ से उन्हें डॉक्टर बनने की प्रेरणा मिली। अमृतसर के मेडिकल कॉलेज में जब MBBS की शिक्षा प्राप्त करने गए तो समस्त परिवार ही अमृतसर स्थानांतरित हो गया। MD द्वितीय वर्ष की पढ़ाई चल ही रही थी कि पिता के गंभीर रूप से बीमार हो जाने के कारण उसे बीच में छोड़ सदा के लिए पालमपुर में बस गए। तत्कालीन बस अड्डे पर जाने वाली सड़क पर डाकघर के सामने दुकान किराए पर लेकर क्लीनिक खोला और लोगों का इलाज करना शुरु कर दिया।

बीच में विधायक भी बने पर अपनी डॉक्टरी उन्होंने कभी नही छोड़ी। आज सब उन्हें एक ऐसे डॉक्टर के रूप में याद कर रहें हैं जो दूर दराज के गावों में पैदल चल कर मरीज़ देखने चला जाता था और दिन भर में एक ही मरीज देख पाता था, मरीज की निर्धनता देख कोई फीस भी नहीं लेता था। जिसकी OPD में सुबह 6 बजे ही नंबर जल्दी लगवाने

के लिए पर्ची बनवाने को लोग आने शुरु हो पाते थे, जो राह चलते भी मरीज के पूछने पर किसी भी कागज़ के टुकड़े पर दवा लिख देता था, जो पहले दराज़ में दवा का सैंपल खोजता था और न होने पर ही पैसों की दवा देता था, आज तक जिसने कभी भी कंसल्टेशन फीस या विज़िटिंग चार्जेज़ नहीं लिए और दवा भी 30-40 रुपये में मिल जाती थी।

क्षेत्र के लोगों की जरूरत को महसूस करते हुए डॉ. शिव कुमार ने सेवा कार्यो को विस्तार देने की ठानी और समाज सेवा की अंतर्राष्ट्रीय संस्था रोटरी को माध्यम बनाया। 1978 में चार्टेड प्रेजिडेंट बन रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना की।तब से आज तक इन सारे वर्षो में अपने रोटेरियन साथियोंको साथ ले कर सेवा कार्यों को अद्भुत विस्तार दिया।

वह कम्युनिटी हॉल की कमी दूर करता रोटरी भवन हो या मारंडा, धुसाड़ा, परागपुर के अंतराष्ट्रीय स्तर के आँखों के अस्पताल, अनाथ बच्चों और असहाय महिलाओं के लिए रामानंद गोपाल बाल आश्रम और नारी उत्थान केंद्र हो या अकेले वृद्धों के लिए अपना घर, दिव्यांग बच्चों के लिए विद्यालय हों या युवाओं के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण केंद्र, वीमेन एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल हो या फिजियोथेरेपी केंद्र- सभी की स्थापना और सफल प्रबंधन के पीछे डॉ शिव कुमार की अद्भुत दूरदृष्टि, कर्मठता, कुशल योजना और दृढ़ संकल्प का बहुत बड़ा योगदान है।

डॉ शिव कुमार के रोटरी के माध्यम से किये सेवाकार्यों को, चिकित्सक के रूप में उनके पारस-स्पर्श को तो पालमपुर में सब अच्छी तरह जानते हैं, परन्तु धर्म और शिक्षा के क्षेत्र में किए सेवाकार्य भी कम नहीं है।

श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब जिसकी स्थापना महामना श्री मदन मोहन मालवीय जी ने की थी और संवर्धन गोस्वामी गणेशदत्त जी ने किया था और जिसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण उत्तर-पश्चिमी भारत-हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, दिल्ली, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश में व्याप्त था जिसके सेवाकार्यों में पंडित अमरनाथ शर्मा जी और प्रिंसीपल नन्द कुमार शर्मा पूरी तरह से समर्पित थे। डॉ शिव कुमार जी आरम्भ से इससे जुड़े रहे और सनातन धर्म सभा तथा सनातन धर्म शिक्षा समिति बैजनाथ में पूरी तरह सक्रिय रहे। किन्तु उन पर सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब का पूरा कार्यभार आ पड़ा जब इस के प्रधान पंडित मोहन लाल जी का देहावसान हो गया और डॉ शिव कुमार को प्रधान रूप में निर्वाचित किया गया। 22 वर्ष के कार्यकाल में उन्होंने अत्यंत श्रद्धाभाव से सभा के कार्यों को आगे बढ़ाया।

- हर दूसरे वर्ष बृहद् सनातन धर्म सम्मेलन किए जिन में बड़े-बड़े महामंडलेश्वर, शंकराचार्य, साधु संन्यासी, धर्मज्ञाता एक मंच से जनता को जागृत करते रहे। दो सम्मेलन पालमपुर में भी आयोजित हुए।
- सप्तऋषि आश्रम में पुरानी कुटियाओं के नवीनीकरण के साथ 3 नई कुटियां बनीं, एक पूरा परिसर मदन मोहन मालवीय जी के नाम से बना तथा पूरे आश्रम में अनगिनत रख-रखाव के, संवर्द्धन के, परिष्करण के कार्य हुए।
- इसी प्रकार हरिद्वार स्थित महावीर दल धर्मशाला, कपूरथला हाउस, गीता भवन, दिल्ली के भूपेन्द्र भवन, चंडीगढ़ के गोस्वामी गणेश दत्त भवन में भी नवीनीकरण और रखरखाव के काम हुए।

- अपने देहावसान से कुछ समय पहले ही डॉ शिव कुमार ने सप्तऋषि आश्रम हरिद्वार में प्राकृतिक चिकित्सालय की स्थापना की अनुमति प्रदान की।
- दिल्ली के ओखला में नया 'श्री माता मंदिर' और चंडीगढ़ में नया पंचमुखी हनुमान मंदिर, सप्तऋषि के गंगा घाट पर नए मंदिर बने तथा मूर्ति स्थापनाएँ हुईं।

डॉ. शिव कुमार श्री सनातन धर्म शिक्षा समिति के भी प्रधान थे जिससे 52 विद्यालय और 21 महाविद्यालय सम्बंद्ध है। नए विद्यालय भी नगरोटा बगवां, हरियाना (होशियारपुर), जालंधर, शाम चौरासी में शुरु हुए। इन शिक्षा संस्थाओं में अनेक प्रकार की गतिविधयां निरंतर उनके मार्गदर्शन में चलती रहीं।

- एक नई अर्द्धवार्षिक पत्रिका सनातन संवर्धिनी प्रकाशित होनी आरम्भ हुई।

ये सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, शिक्षा समिति, ये संस्थाएं, मंदिर आज स्वयं को अनाथ सा अनुभव कर रहे हैं। उनके छत्रछाया स्वरूप डॉ शिव कुमार आज उन्हें आशीर्वाद देने के लिए नहीं हैं।

ईश्वर से प्रार्थना है कि उन्हें अपने सान्निध्य में स्थान दें और हमें शक्ति प्रदान करें कि उनके दिखाए मार्ग पर आगे बढ़ सकें।

**डा० भारती बन्धु**

**विचार जो डॉ० शिव कुमार जी की प्रेरणा रहे**

**कुंजर मुख से कन गिरा, खुटै न बाको अहार।**
**कीडी कन ले कर चली, पोषण दे परिवार।।**

**दया धर्म को मूल है, पाप मूल संताप।**
**जहां क्षमा तंह धर्म है, जहाँ दया तहं आप।।**

# डा० शिवकुमार के सम्मान में हिमाचल प्रदेश विधानसभा में पालमपुर के विधायक श्री आशीष बुटेल द्वारा प्रस्तुत श्रद्धांजलि



पूर्व में रहे विधान सभा सदस्यों के लिए जो मुख्यमंत्री जी द्वारा शोकोद्गार का प्रस्ताव रखा गया है, मैं उसमें अपने आप को शामिल करता हूँ

डा० शिवकुमार जी विधायक रूप में पालमपुर विधान सभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। वे कोरोना से संक्रमित हुए और 29 नवम्बर 2021 को उनका देहावसान हो गया। वे एक ऐसे व्यक्ति थे , जिनसे हर राजीतिज्ञ को कुछ न कुछ सीखना चाहिए। Singal Handedly उन्हों ने बहुत से सेवा कार्य किए। मैं यह कहने में गुरेज नही करूं गा कि अगर पूरे हिमाचल प्रदेश में एक ऐसे व्यक्ति की बात की जाए, जिसने अपने जीवनकाल में लोकहित के इतने कार्य किए और वह भी राजनीति में न रहकर तो डा० शिवकुमार जी का नाम सब से ऊपर आएगा।

मैं ये बताना चाहूँगा महोदय कि ऐसा कोई वर्ग नहीं जिन के लिए उन्होंने काम न किया हो। अगर हम महिला वर्ग की बात करें तो पालमपुर में नारी उत्थान केन्द्र शुरु हुआ, वह उनके Vision से, Direction से शुरु हुआ। Mother and Child Care अस्पताल शुरु हुआ तो उन के Vision से शुरु हुआ। युवाओं के लिए अगर स्कूल और कॉलेज की बात करें तो S.D. Education Board के जरिए तकरीबन 52 स्कूल और 21 कालेज चलते थे, जिस के वे प्रधान रहे। युवाओं के लिए वहां पर उन्होंने काम किया। छोटे बच्चों तक के लिए काम किया। अनाथ बच्चों के लिए पालमपुर में एक बालाश्रम की स्थापना की, बुजुर्गों के लिए एक अपना घर की स्थापना की, जो बुजुर्ग घर में नहीं रह सकते थे, वो बुजुर्ग वहाँ अपना घर समझ कर रहते हैं।

मरीजों के लिए तो डा० शिवकुमार द्वारा अनगिनत Institutions खोले गए। Rotary Eye Foundation एक बहुत बड़ी संस्था है, जिस के कई अस्पताल बने–एक पालमपुर में बना, ऊना में एक, एक प्रागपुर में, एक धुसाड़ा में बना और एक बीड़ में बना जो Vision Center के नाम से जाना जाता है। ये सब डा० शिवकुमार जी की अनुपम देन हैं।

कल जब हम लोग उन की शोकसभा में गए तो मैंने वहाँ भी कहा– उस शोकसभा की खास बात ये थी हर वर्ग का आदमी ही नहीं, Across Party Lines हर सोच का आदमी वहाँ पहुंचा हुआ था। मुख्यमंत्री जी एवं स्पीकर जी के

भी संदेश वहाँ पढ़े गए, शान्ताकुमार जी भी वहाँ मौजूद थे, अन्य नेता भी वहाँ पर मौजूद थे। स्पीकर महोदय आप की धर्मपत्नी श्रीमती शर्मिला परमार जी भी वहाँ मौजूद थी। न केवल पालमपुर से बल्कि बहुत जगह से बहुत से लोग वहाँ आए थे। वे सब डॉ० शिवकुमार की ईमानदारी और उन के कार्यों को श्रद्धांजलि देने के लिए वहाँ पहुंचे थे।

महोदय, Rotary International में सबसे ऊँचा जो Award है – 'Service Above Self' का अवार्ड, उस से डा० शिवकुमार जी को सम्मानित किया गया। इस सम्मान के वे पूरे भारतवर्ष में ही नहीं अपितु पूरे एशिया में पहले Recipient थे। समाजसेवा में उन का नाम होने से पालमपुर का भी नाम आगे बढ़ा है।

मैं ज्यादा नहीं बस इतना कहूँगा महोदय– एक जीवन काल में एक व्यक्ति क्या-क्या कर सकता है – एक अच्छा इंसान बन सकता है, एक अच्छा डाक्टर बन सकता है, एक अच्छा समाजसेवी बन सकता है, एक अच्छा Legislator बन सकता है, एक धर्म का उन्नायक बन सकता है सनातन धर्म की रक्षा कर सकता है– और ये सब गुण डा० शिवकुमार जी में थे। मैं उन्हें आज यहाँ श्रद्धांजलि देता हूँ।

**करे श्लाध्यस्त्यागः शिरसि गुरुपादप्रणयिता**
**मुखे सत्यावाणी विजयि भजयोर्वीर्यमतुलम्।**
**हृदि स्वच्छा वृत्तिः श्रुतिमधिगतं च श्रवणयो-**
**विनाऽप्यैश्वर्येण प्रकृतिमहत्तां मण्डनमिदम्।।**

**भावार्थ :** हाथ में प्रशंसनीय दान, मस्तक पर गुरुचरणों में किया गया प्रणाम मुख में सत्यभाषण, भुजाओं में विजयशील असामान्य पराक्रम, हृदय में शुद्धभाव, कानों द्वारा शास्त्र का श्रवण—ये सभी चीजें स्वभावतः महापुरुषों के लिए बिना सम्पत्ति के भी भूषण हैं। इस प्रकार महात्माओं को लौकिक आभूषणों की कभी आवश्यकता नहीं हुआ करती है। वे तो ऐश्वर्य के बिना भी अत्यन्त शोभा को प्राप्त होते हैं। अतः उन्हें लौकिक आभूषणों को धारण करने की लालसा ही नहीं होती।।

# डॉक्टर शिव कुमार जी व्यक्ति नही संस्था थे

- हम सबके हृदय में जिनका अविचल स्थान बना ऐसे हमारे डॉ शिवकुमार जी हमारे मध्य से 29 नवंबर को अनंत यात्रा पर चले गए उस समय पालमपुर के हर घर में यह माहौल था कि कोई उनका अपने घर का व्यक्ति बिछड़ गया हो।
- परमश्रद्धेय दिवंगत डॉक्टर शिव कुमार जी को श्रद्धांजलि देने के लिए शब्दों के सहारे ज्यादा कुछ अधिक कह ना पाऊंगा पर उनके जाने के पश्चात यह पूर्ण एहसास हुआ कि मृत्यु शाश्वत सत्य है और कर्म सबसे बड़ा होता है।
- रोटरी के माध्यम से उन के कार्य व कृतित्व का जीता जागता प्रमाण है। रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना 1978 में, मेला मल सूद रोटरी आई हॉस्पिटल मोरिंडा 1985 में, उसके साथ ऊना, परागपुर व बीड में सेटेलाइट आई हॉस्पिटल, रोटरी हेल्पज फाउंडेशन की स्थापना 1991 में, वृद्धों के लिए अपना घर 1994 में, बाल आश्रम की स्थापना 1995 में, रोटरी बसेरा 2002 में, रोटरी दिव्यांग बच्चों का स्कूल 2003 में, रोटरी नारी उत्थान केंद्र 2004 में, रोटरी आईटीआई महिलाओं के लिए 2007 में, रोटरी फिजियोथैरेपी सेंटर 2004 में, और रोटरी वुमन एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल 2018 में हुई।
- रोटरी समझता है कि समाज सेवा की अग्रिम पंक्ति में मूल्य निष्ठ समाज सेवा करने वाले एक युग दृष्टा द्वारा संचालित काल खंड का अंत हुआ है, यह परिवार ही का नुकसान नहीं यह प्रदेश का नुकसान है, यह समाज का नुकसान है और पीढ़ियों का नुकसान है
- जनता को समर्पित किए हुए आयाम डॉक्टर शिव कुमार को चिरंजीवी बनाते है। देह, व्योम, नीर, धूल, आग, बयार आपस में सिमट गया होगा पर उनका चरित्र, चिंतन, आचरण व उनके सिद्धांत और अलग तरह की जीवन शैली आज भी जीवित है।
- भगवान के अनुग्रह से उनका बड़ा परिवार है उनका अंश भौतिक अथवा आध्यात्मिक रूप से इन सब में है और उनके दिखाएं संस्कारों के मार्ग पर चलने के लिए सब सक्षम व प्रतिबद्ध हैं। डॉक्टर शिव को ना भूलने देना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी
- रोटरी परिवार व समाज में उनकी सहायता, दिव्यता और अजेयता हमारे बीच सदैव बनी रहेगी। "चिराग का कोई अपना मकान नहीं होता वह जहां रहेगा वहीं रोशनी लुटायेगा।"

भगवान उन्हें नैकट्य प्रदान करें और उनके सिद्धांतों का हम अनुशीलन करते रहें, भगवान ऐसा सामर्थ्य हमें दें।

**ओम शांति शांति शांति**

**डा० आदर्श कुमार**
पूर्व प्रधान, रोटरी क्लब पालमपुर

## Dr. Shiv Kumar - A man with Commitment

Eight days have passed since the demise of our esteemed Dr. Shiv Kumar ji but his smiling face still moves before our eyes. It takes time for the deep wounds to heal. Dr. Sahib was a multifaceted personality. In fact he was an Institution in itself. His area of work was not limited to Palampur alone but it was spread in the whole Northern zone of the country. He selected Rotary as a medium to serve the area. After doing M.B.B.S. from the famous Govt. Medical College, Amritsar, which was very rare in those days, he selected Palampur to be the area for serving the poor people. Like father like son. Pandit Amar Nath ji was a great personality known as selfless servant of the poor, who remained elected M. P. and M. L. A. for a long time in fifties, remaind President of the Himachal Congress Committee, President of Goswami Ganesh Datt S.D. Sabha in the North Zone, established many educational Institutions and rendered great service to the people. So, following his foot prints, Dr. Shiv Kumar ji also selected people's service rather than lucrative practice in a big city or Govt. service. He established Rotary Club in 1978 with a small group of dedicated members, who rendered yeoman service. Meanwhile, the Club went on developing. Rotary Bhawan was dedicated to the people in 1981, Rotary Eye Foundation was formed in 1981, Mela Mal Sood Rotary Eye Hospital was established in 1985. This institution has become a central figure in the eyes of every one reñdering a great service. It is fully equipped with all the modern machinery to treat any eye ailment. It has two satellite Hospitals to serve in the rural areas. Lacs of people are being benefited. The land for this was donated by Shri Mela Mal Sood at Maranda, Shri Amar Chand Butail at Pragpur and by local donors at Dussara. Rotary Helpage Foundation Was established in 1991 under which other serving institutes were opened. Apna Ghar was opened in 1994, Rama Nand Gopal Ashram {now known as Ho me for Parentless Children} was established in 1995, Rotary Basera {Home for Less Fortunate Citizens} was started in 2002, Rotary School for Mentally Challenged Children was established in 2003. The land for these was donated by Late Shri S.K. Bhardwaj, an Educationist and a great motivator in social sevice, in Saliana. Rotary Om Sant Nari Utthan Kendra was established in 2004 and Rotary ITI for girls in 2007. The land for these was donated by Shrimati Oma Arora w/o Sant Ram Arora at Sungal. Recently, however, there are some changes in the institutes here. Rotary Physiotherapy Centre was opened at Thakurdwara in 2004 and Rotary Hospital for Woman & Child Care was established three years back at Thakurdwara for service to the people. For all these institutions, the land which is very rare and difficult to find was obtained by

Dr. Sahib through his acumen by way of donations free of cost. The buildings were erected through arranging money from M. P. / M.L. A. Area Development Fund and from philanthropists, from public donations, from Eye Sight Universal, Calgary, Canada and from other sources. **He has not obtained even a single penny from Rotary, neither from T.R.F. nor from any Rotary District Fund, yet he has given the name of Rotary to all his Projects. Look at his greatness and sacrificial nature! In fact he has donated property worth crores and crores of rupees to Rotary. Nothing can be greater than this benevolent gesture.**

The Canada Govt. recognised his service to the people in social field particularly in the removal of eye ailments of the people in rural areas. He was decorated with Service Above Self Award by Rotary also thrice. He has been decorated by numerous organisations for his social services. He has been President of Sanatan Dharm Pratinidhi Sabha of Northern Zone for a long time of more than 22 years and served the people in this capacity richly. He was M. L. A. of Palampur constituency in nineteen ninetees, the motive being to serve the people -not to play politics.

He was gentle, soft-spoken in nature and humility personified. Such persons are very rare to be found in these days of humbugness. Let us walk on his foot prints and be gentlemen to the core. This will be our real tribute to him.

**PP Rtn. Chander Shekhar**
9816230049

***The thoughts that inspired Dr. Shiv Kumar***

- *Not failure but low aim is crime.*
- *Before you go to bed at night, think that you have not wasted your day.*
- *Dreams are extremely important,*
  *You can't do it - unless you imagine it.*
- *Every problem contains the seeds of its solution.*

## An Article Published in The Tribune on 13th Feb., 2022

# Palampur Rotary Eye Foundation




Dr. Shiv Kumar, a social activist who has set up several education institutions in the state, is the founder Chairman of the Rotary Eye Hospital, Palampur.

The Palampur Rotary Eye Foundation, a charitable voluntary organisation engaged in the service of visually challenged for the last 35 years, has proved to be a boon to the residents of eight districts of the state. It is not only serving patients in Himachal but also from neighbouring states of Punjab, J&K and Haryana.

With the support of the local community, the foundation has established three eye hospitals at Maranda (Palampur), Paragpur (Dehra) in Kangra District and Dhussara in Una District and one Women and Child Care Hospital at Thakurdwara (Palampur).

"All these hospitals are equipped with the latest infrastructure for the treatment of eye patients. All types of minor and major surgeries are conducted here. Since the inception of the three eye care centres, more than 25 lakh patients have visited these institutions. As many as 2,16,418 of 25 lakh patients were operated upon for various eye ailments and their sight restored on reasonable charges. Besides, free of cost surgeries are also performed here for poor patients. Earlier, locals had to go to Amritsar and Chandigarh." said Raghav Sharma, general manger of the hospitals.

The Rotary Eye Foundation was formed in 1981 on International Year of Disabled. It envisaged to create an institution with facilities for detailed investigation, treatment and surgery of all kinds of eye ailments. A campaign to raise funds was floated with the participation of the local community. Today, the hospital has sufficient funds and all modern gadgets. The hospital has emerged as a pioneer institution in northern India.

# श्रद्धांजलि
## शनि सेवा सदन, पालमपुर

शनि सेवा सदन डॉ शिवकुमार जी के अकस्मात निधन पर हतप्रभ तथा दुखी है।

शनि सेवा सदन अपने सभी सदस्यों की तरफ से हार्दिक संवेदनाएं तथा श्रद्धांजलि प्रेषित करता है ।

डॉ शिवकुमार पालमपुर की एक ऐसी हस्ती थे जिन्हें हर कोई देव तुल्य समझता था। वे केवल अपने प्रशंसकों के ही लाडले नहीं थे बल्कि अपने विरोधियों में भी उतने ही इज्जत और सम्मान के पात्र थे।

उनकी कर्म स्थली कुछ सैकड़ों या हजारों लोगों तक सीमित नहीं थी उनकी समाज सेवा सीमाओं में नहीं बंधी थी। वे अपनी कर्म स्थली को समाज सेवा में तब्दील करके अनजान लोगों के भी दिलों पर राज करते थे।

Rotary Eye Hospital उनकी एक ऐसी देन है जो ना केवल कुछ वर्षों तक बल्कि दशकों तक उनकी मेहनत, उनके परिश्रम, उनके समर्पण और उनकी इच्छा शक्ति को दर्शाता रहेगा।

कुछ लोग रोटरी आई हॉस्पिटल को रोटरी आई हॉस्पिटल के नाम से नहीं बल्कि शिवकुमार आई हॉस्पिटल के नाम से जानते हैं। कुछ लोगों को  जो कि किन्नौर या रामपुर या प्रदेश के अन्य भागों से आते थे वे यही पूछते थे कि डॉ शिवकुमार का आखों का हॉस्पिटल कहां पर है?

स्वतंत्रता सेनानी पंडित अमर नाथ जी के घर जन्मे डॉ शिवकुमार प्रारंभिक शिक्षा एसडी स्कूल बैजनाथ में हुई। अमृतसर से एमबीबीएस की और पालमपुर में आकर अपनी प्रैक्टिस शुरू कर की।

इनका विवाह डॉ श्रीमती विजय शर्मा जी से हुआ 70- 80 के दशकों में इन्होंने अपनी प्रैक्टिस शुरू की और उस समय पालमपुर में डॉक्टर डीडी सूद और डॉक्टर शिव कुमार के सिवा कोई प्राइवेट प्रैक्टीशनर नहीं था।

डॉक्टर साहब के पास सिविल हॉस्पिटल से भी लंबी लाइनें लगी होती थी परंतु उन्हें कभी थकते हुए नहीं देखा । सबसे बड़ी बात यह कि यह अपने मरीजों के साथ अपने परिवार के सदस्य की तरह व्यवहार करते थे उनका हालचाल पूछते थे उनकी फैमिली मेंबर्स के बारे में पूछते थे और उन्हें इतना प्रोत्साहन और सहानुभूति देते थे कि मरीज की आधी बीमारी इनके बातचीत करने से ही भाग जाया करती थी ।

हमेशा हंसमुख और अपने मरीजों के साथ मजाक करते हुए दवाई लिखते थे। जो लोग दूर-दराज के क्षेत्रों से आते थे उन्हें पहुंचते-पहुंचते रात हो जाती थी तो डॉक्टर साहब देर रात तक रुकते थे और उनके

खाने–पीने तक का इंतजाम कर देते थे, इतना ही नहीं अगर दवाइयों का बिल ज्यादा बन जाता था या किसी गरीब मरीज के पैसे अगर खत्म हो गए तो उसे किराया भी देते और बारिश लगी हो तो छाता आदि भी लेकर दे देते थे।

समाज सेवा का जुनून इतना कि सारा दिन अपने क्लीनिक में प्रैक्टिस करने के बाद रोटरी क्लब् हो, सनातन धर्म सभा हो, भारत विकास परिषद हो, बालाश्रम हो, या फिर रोटरी आई हॉस्पिटल हो, महिला आईटीआई हो, वृद्ध आश्रम हो जहां कहीं भी इनकी जरूरत हो वे तुरंत चल देते थे। फिर इतनी बड़ी संस्थाओं को संभालना और उन्हें मैनेज करना यह कोई किसी कुदरत के करिश्मे से कम नहीं था, वरना डॉक्टर के प्रोफेशन में आदमी सारा दिन मरीजों को देकर शाम को आराम से सकून के दो पल अपने परिवार के साथ बिताना चाहता है,परंतु डॉक्टर साहब अपनी किस्मत में आराम लिखवा कर नहीं लाए थे और अंतिम क्षण तक भी चेयरमैन के पद पर रहते हुए अपनी सभी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते रहे। हालांकि उनकी सेहत काफी दिनों से खराब चल रही थी।

शनि सेवा सदन से उनका एक विशेष लगाव था। आते–जाते भाटिया जी का हाल पूछ लेते थे और हमेशा उन्हें नेक सलाह देते थे अक्सर वो कहा करते थे कि भाटिया थोड़ा खुद को बचा कर रखना, समाज सेवा में इतने भी संलिप्त मत हो जाना कि खुद के परिवार को और खुद को भूल जाओ, क्योंकि यह दुनिया है इसमें आप सभी को खुश नहीं कर सकते, ना सेवा लेने वाले को और ना सेवा देने वाले को। वह कहते सबसे बड़ी विडंबना यह है कि आलोचना वही लोग करते हैं जो ना तो किसी भी संस्था को कुछ देते हैं और ना वहां से कुछ लेते हैं केवल मात्र वह आलोचना ही करते हैं। अभी हाल ही में भाटिया जी तथा मैं उनके निवास पर उनसे आशीर्वाद लेने गए तो उन्होंने बड़े प्यार सत्कार से बहुत सारी सलाह दी तथा अपना आशीर्वाद प्रदान किया।

शनि सेवा सदन द्वारा की जा रही सेवा से वे काफी प्रसन्न नजर आते थे तथा कहते थे कि भाटिया लगे रहो ईश्वर तुम्हारा साथ देगा। भाटिया जी का जवाब होता था कि आपका आशीर्वाद मिल गया इससे बढ़कर आशीर्वाद और कुछ नहीं हो सकता डॉ साहिब। डॉ शिवकुमार का वही हंसता हुआ चेहरा वही बिंदास अंदाज हम सभी को याद रहेगा उनका मुस्कुराता हुआ चेहरा सभी की आखों के आगे हमेशा घूमता रहेगा ।

उनके द्वारा की गई समाज की सेवा कुछ वर्षों तक नहीं बल्कि दशकों तक याद की जाएंगी। उनके सुपुत्र राघव शर्मा भी उन्हीं के पद चिह्नों पर चल रहे हैं तथा समाज सेवा में जुटे हुए हैं ।

हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा परिवार को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करें।

**जय श्री कृष्णा**

**जय शनि देव**

**शनि सेवा सदन, पालमपुर**

# सांत्वना संदेश

## गोस्वामी गणेशदत्त मैमोरियल क्रिकेट क्लब

'आदरणीय देशबंधु जी व समस्त शर्मा परिवार',

'गोस्वामी गणेशदत्त मेमोरियल सोसायटी व क्रिकेट क्लब, नई दिल्ली' के समस्त पदाधिकारी व सदस्य गणों को 'सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब) नई दिल्ली, के प्रधान व सोसायटी के मुख्य संरक्षक 'परमश्रद्धेय स्वर्गीय डा शिव कुमार शर्मा जी' के 29 नवम्बर 2021 को अकस्मात् निधन की अत्यन्त दुखदाई सूचना पर बहुत आघात पहुँचा है और उसके लिए हम संयुक्त रूप से संवेदना व्यक्त करते हैं। व्यवसाय से चिकित्सक होने से व्यस्त जीवन के उपरान्त भी 'पारिवारिक संस्कारों के धनी डा शिव कुमार जी' समाज सेवा के लिए सदैव तत्पर रहते थे।

आप जी, ने 'पालमपुर क्षेत्र में विधायक के रूप में, हिमाचल प्रदेश के शिक्षा संस्थानों के लिए, रोटरी क्लब पालमपुर' में विशिष्ट पदों पर रहते हुए बहुत उत्कृष्ट कार्य किये। समय-समय पर अपने अनुभवों से युक्त दिशा निर्देशों द्वारा सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब) नई दिल्ली, व समाज में अन्य संस्थानों की सेवा करने वाले वे सनातन पुरुष, प्रबल समाज सेवक, स्पष्ट व मृदुल स्वभावी, दानवीर एवम् अन्य अनेकों सामाजिक दायित्वों को पूर्ण करते हुए सदैव वे दूसरों की सहायता करने में अग्रसर रहते थे जोकि सदैव स्मरण किए जाते रहेंगे।

'डा साहिब के परलोक प्रस्थान से परिवार, समाज और सोसायटी/क्लब में आई रिक्तता की भरपाई होना बहुत कठिन कार्य होगा'।

'परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करतें हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान बख्शें और आप सभी परिजनं को इस अकस्मात् आई विपदा की क्षति को सहन करने का बल बख्शें'।

रब राखा होय जी'

'श्रद्धेय डा. शिव कुमार शर्मा जी सदैव'

'अमर रहें,, अमर रहें,, अमर रहें'

ॐ **शान्ति** ॐ

**'विनित लाल'**
(चेयरमैन)

**इंदरपाल मगों'**
(प्रधान)

**'विनोद सेठिया व राकेश धवन'**
(वरिष्ठ उपप्रधान)

**पवन कत्याल व अंशुल जैन'**
(उप प्रधान)

**'रमन कु सलूजा'**
(महामंत्री)

**'विनोद कत्याल'**
(सचिव)

**'अरविंद विज'**
(सचिव कार्यालय)

**'रमन विज'**
(सयुंक्त सचिव)

**'देवेन्द्र सिंह टीपू'**
(सह सचिव)

**'अमित कत्याल'**
(कार्य वित्त सचिव)

**'बलदेव अरोड़ा'**
(टूर्नामेंट सचिव)

**'महाराज किशन, युधिष्ठिर, बलबीर सिंह बिल्ला'**
(सहायक टूर्नामेंट सचिव)

**'सुभाष माथुर'**
(चेयरमैन, निर्णायक कमेटी)

**'महेन्द्र पाल'**
(संयोजक)

**'एवम् अन्य समस्त पदाधिकारी व सदस्यगण'**

'गोस्वामी गणेशदत्त मेमोरियल क्रिकेट क्लब, 10,भूपेन्द्र भवन,कृष्णा मार्किट, पहाड़ गंज, नई दिल्ली-55'

# श्रद्धांजलि संदेश

प्रिय राघव।

मेरे बचपन के साथी रहे सहपाठी रहे आप के पिता जी समाजसेवी और गरीबों के जीवनदाता स्वर्गीय डा शिव कुमार जी की श्रद्धांजलि सभा में कोरोना ग्रस्त होने के कारण न आ पाने का मलाल मुझे हमेशा रहेगा। उन के जीवन के कई रोचक संस्मरणों का मैं चश्मदीद गवाह रहा हूं। विशेषतया बचपन एवं उन के जीवन के अंतिम पड़ाव में। जो मेरे मानसिक पटल पर सदैव अंकित रहेंगे। एक बार मैंने उनसे पूछ लिया कि आप ने सरकारी नौकरी क्यों छोड़ी? उत्तर बडा शिक्षा प्रद था जिस ने मेरे जीवन की दिशा ही बदल दी। उन्होंने बताया, जब मैं पहला वेतन लेने गया तो बाबू ने एक रुपया वेतन से काट लिया और मैंने वेतन नहीं लिया। तब से मेरे मन में गरीब असहाय लोगों की सेवा करने का भाव जागा।'' तब से आज तक उन्होंने पीछे मुड़ कर नहीं देखा। रोटरी संस्था के माध्यम से जगह जगह रोटरी आखों के अस्पताल, वृद्धाश्रम, नारी तकनीकी संस्थान और शैक्षणिक संस्थानों का एक अद्भुत साम्राज्य खड़ा कर दिया जो आज तक न कोई कर सका है न आगे कर सकेगा। मैं ने रायबहादुर जोधा मल के बाद नि:स्वार्थ समाज सेवा के क्षेत्र में यदि किसी को अधिमान दिया है तो वह यही महान विभूति हैं जिनको भूलने पर भी नहीं भुलाया जा सकता है। उतरी भारत में सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा की संस्था, सप्तऋषि आश्रम हरिद्वार, सनातन धर्म भवन  चंडीगढ़, अन्य कई मंदिरों तथा शिक्षा संस्थाओं के जीर्णोद्धार करते हुये अपने नाते धर्म के प्रति निष्ठा का परिचय दिया। अपने स्वर्गीय पूज्य पिता महान शिक्षाविद समाजसेवी पंडित अमरनाथ जी के पदचिह्नों पर चल कर एक सच्चा सपूत बन कर जीवन यात्रा सम्पूर्ण करने का सौभाग्य प्राप्त किया। उनके जीवन को शब्दों में बांच पाना मेरे जैसे तुच्छ प्राणी के लिये कठिन ही नहीं अपितु असम्भव होगा। मैं अपने व अपने समस्त परिवार की ओर से भारी हृदय से श्रद्धांजलि अर्पित करता हुआ परम पिता से अरदास करता हूँ कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दे व दु:ख की इस घड़ी में आपको और परिवार को संबल प्रदान करें। डॉ. शिवकुमार की स्मृति हम सब का मार्ग दर्शन करती रहेगी ।।ओम शांति ।।

**प्रेम नाथ शर्मा**
डायरेक्टर
सनातन धर्म स्कूल्ज़, हिमाचल प्रदेश

***The thoughts that inspired Dr. Shiv Kumar***

- *Kind words can be short and easy to speak but their echoes are truly endless.*

# श्रद्धेय डॉ॰ शिव कुमार जी
# मृदुभाषी एवं विनम्र व्यक्तिगत के धनी थे

जब मैं सभा में नया-नया नौकरी पर लगा था। कुछ समय बाद डॉक्टर साहब भूपेन्द्र भवन में अपनी गाड़ी लेकर सभा के मुख्य कार्यालय में आये थे। तब मैने उनके बारे में पूछा तो मुझे बताया कि प्रिंसिपल, श्री नन्द कुमार शर्मा जी के छोटे भाई है। मेरा प्रिंसिपल, श्री नन्द कुमार शर्मा जी के साथ बहुत ही आत्मीय लगाव था, वे जब भी भूपेन्द्र भवन में आते थे मेरी सीट पर आकर घर परिवार की कुशल पूछते थे कभी-कभी मुझे बड़ा संकोच होता था मेरी ऐसी दिव्य-विभूति डॉक्टर साहब जी से पहली मुलाकात हुई तो उन्होंने मुझे ऐसा प्यार दिया कि वे मुझे कितने वर्षो से जानते हैं। उनको कुछ अपने कार्य से कनॉट प्लेस **YRC** के कार्यालय मे जाना था वे मुझे अपने साथ ले गये, उस समय जो मेरी उनके साथ बात हुई उनका जो प्रेम मेरे प्रति हुआ उसे मैं कभी नहीं भुला सकता। सभा के प्रधान के पद पर आसीन होने पर उनसे अक्सर सभा की बैठकों में मुलाकात होती थी। उनसे मिलने पर ऐसा सकून मिलता था कि आज हमें अपने अभिभावक मिल गये हैं। कभी-कभी मैं उनसे दूरभाष पर भी बात करता था वे बड़े प्रेम से बातें करते थे। उनके बारे में मैं तुच्छ क्या लिख सकता हूँ। उनके लिए कुछ भी लिखना सूर्य को दीपक दिखाने जैसा है। मैं उन माता-पिता को भी कोटि-कोटि नमन करता हूँ जिन्होंने ऐसे सुपुत्र को जन्म दिया। ऐसी महान आत्माएँ कभी-कभी इस धरा पर जन्म लेती हैं। उनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि हम उनके बताये हुए मार्ग पर चलें।

**आर. पी. पन्त**
*कार्यालय लिपिक*
श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब
भूपेन्द्र भवन, पहाड़गंज, नई दिल्ली-5

**प्रदानं प्रच्छन्नं गृहमुपगते सम्भ्रमविधिः**
**प्रियं कृत्वा मौनं सदसि कथनं चाप्युपकृतेः।**
**अनुत्सेको लक्ष्म्यामनभिभवगन्धाः परकथाः**
**सतां केनोद्दिष्टं विषममसिधाराव्रतमिदम्।**

**भावार्थ :** गुप्तदान देना, अपने घर पर आये अतिथि को तत्परतापूर्वक सत्कार करना, दूसरे की भलाई करके चुप रहना, दूसरे के किये उपकार का समाज में कहना, धन पाकर भी गर्व नहीं करना, यह सज्जन पुरुषों को तलवार की धार पर चलने के समान कठिन व्रत किसने बताया है? अर्थात् सज्जन महापुरुषों में पूर्वोक्त सभी गुण होने के कारण उनके नियम की तुलना कठिन असिधारा व्रत से की जाती है।

# परिवार को प्राप्त सद्भावना
# एवं
# सांत्वना संदेश

**VIJAY KUMAR CHOPRA**
**Editor-in-Chief**

**PUNJAB KESARI GROUP**
CIVIL LINES, JALANDHAR-144 001
PHONES: 0181-3067200, 2280104, 2280105
e-mail:
news@thepunjabkesari.com
FAX: (0181) 2280112, 2280113

**Email: bhrigugs@gmail.com**

VK:MMT:13 November 29, 2021

Dr. (Mrs.) Vijaya Sharma,
Chowki Khalet Road,
**PALAMPUR (DISTT. KANGRA) H.P.**

Dear Sister,

I am shocked to learn about the sad demise of Dr. Shiv Kumar Ji.

I still remember my cherish memories with Dr. Shiv Kumar Ji when in 1942 I got an opportunity to visit his ancestral home situated Opp. Church at Palampur during holidays with Pt. Amar Nath Sharma, a friend of my father Lala Jagat Narain Ji.

Some years ago, I met him at Palampur and saw the work done by him like his father and also the Hospital run for public.

I send my heartfelt condolences and pray to Almighty to grant peace to the departed soul and strength and courage to you and other members of the family to bear this irreparable loss.

With sorrow !

Yours sincerely,

(VIJAY KUMAR)


संस्थापक

# श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब) रजि०

भूपेन्द्र भवन, कृष्णा मार्किट, पहाड़गंज, नई दिल्ली-110055

(कार्यक्षेत्र : दिल्ली, चण्डीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, राजस्थान)

**Shri Sanatan Dharma Pratinidhi Sabha (Punjab) Regd.**

Bhupendra Bhawan, Krishna Market, Pahar Ganj, New Delhi- 110055

E-mail : sdprsabha@gmail.com Ph. : 011-23586251, 23584016


संयोजक

क्रमांक 269/2021 दिनांक 7-12-2021

## शोक प्रस्ताव

श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब नई दिल्ली के सभी पदाधिकारियों तथा सदस्यगणों को यह जानकर गहरा दुःख हुआ है कि श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब नई दिल्ली, तथा श्री सनातन धर्म शिक्षा समिति, चण्डीगढ़ के प्रधान, पूर्व विधायक, डॉ0 शिव कुमार शर्मा जी का निधन हो गया है । डॉ0 शिव कुमार शर्मा जी प्रसिद्ध समाजसेवी, प्रसिद्ध शिक्षाविद, कट्टर सनातन धर्मी, सहृदय, दयालु, मृदु भाषी, गरीबों के मसीहा, ईमानदार तथा एक कुशल राजनेता थे । उनके कुशल नेतृत्व में मुख्य कार्यालय नई दिल्ली, सप्तऋषि आश्रम, हरिद्वार एवं गोस्वामी गणेशदत्त भवन चण्डीगढ़ में हर प्रकार से चहुँमुखी विकास एवं सुधार किया गया । श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब ने अपना एक कर्मठ सहयोगी खो दिया है । इन्होंने जीवन भर सनातन धर्म एवं शिक्षण संस्थानों में हर प्रकार से अपना पूर्ण सहयोग दिया । इनके द्वारा किये हुए कार्य को भुलाया नहीं जा सकता है । इनके निधन से परिवार एवं सनातन धर्म में जो क्षति हुई है उसे पूरा कर पाना कठिन है । हमारी परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने चरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार व समस्त सनातन धर्मियों को इस गहन दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

**ॐ0 शान्ति**

| | | |
|---|---|---|
| इन्द्र मोहन गोस्वामी<br>कार्यवाहक प्रधान | उपेन्द्र शर्मा<br>महामंत्री | डॉ0 देशबन्धु<br>महामंत्री |
| डी0 आर0 मदान<br>अर्थ मंत्री | सुभाष चन्द्र शर्मा<br>कार्यालय मंत्री | डॉ0 नन्द किशोर शर्मा<br>प्रचार मंत्री |

तार : सप्तऋषि आश्रम

☎01334-261702



श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब अन्तर्गत

# सप्तऋषि आश्रम सप्तऋषि मन्दिर

सप्तसरोवर, हरिद्वार - 249410 (उत्तराखण्ड)

**SAPTRISHI ASHRAM SAPTRISHI MANDIR**

Saptsarover, HARIDWAR-249410 (Uttarakhand)

*संस्थापक – त्यागमूर्ति श्री गोस्वामी गणेश दत्त जी महाराज*

क्रमांक 274/21

दिनांक 6/12/21

## शोक प्रस्ताव

श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा ( पंजाब ) के प्रधान डॉ0 शिव कुमार शर्मा जी के स्वर्गवास की खबर सुनकर सप्तऋषि आश्रम का समस्त स्टॉफ बहुत दुःखी हुआ। डॉ0 साहब की सप्तऋषि आश्रम तथा सप्तऋषि मन्दिर मे बड़ी आस्था थी। उन्होने अपने कुशल नेतृत्व से सप्तऋषि आश्रम के उत्थान के लिए बहुत कार्य किये तथा बीच–बीच मे यहाँ पर आयी कठिन से कठिन समस्या को बड़ी सहजता से निपटाया। उन्होने जीवनभर सनातन धर्म एवं शिक्षण संस्थानों मे हर प्रकार से अपना पूर्ण सहयोग दिया। इनके द्वारा किये हुये कार्यों को भुलाया नही जा सकता है। डॉ0 शिव कुमार शर्मा जी प्रसिद्ध समाजसेवी, प्रसिद्ध शिक्षाविद, कट्टर सनातनधर्मी, मृदु भाषी, गरीबों के हितेशी तथा एक कुशल सर्जन थे। इनके निधन से परिवार एवं सनातन धर्म मे जो क्षति हुई है उसे पूरा कर पाना कठिन है। हमारी ईश्वर से प्रार्थना है कि उनकी दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने चरणों मे जगह दे तथा शोकाकुल परिवार व समस्त सनातन धर्मियों को इस गहन दुःख को सहन करने की सामर्थ्य प्रदान करें।

**ओम शान्ति ओम**

( आई0 एम0 गोस्वामी )
कार्यवाहक प्रधान
श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पं0
प्रशासक
सप्तऋषि आश्रम हरिद्वार

( डॉ0 वेद प्रकाश )
नेचरक्योर हॉस्पिटल
सप्तऋषि आश्रम हरिद्वार

( विनोद कुमार सैनी )
प्रबन्धक
सप्तऋषि आश्रम हरिद्वार

( सत्य प्रकाश सक्सेना )
सहा0 प्रबन्धक
सप्तऋषि आश्रम हरिद्वार

# Shiv Mandir Sabha (Regd.)

**PREET NAGAR (RAJA PARK), AMBALA CANTT.**

*President :*
**Anil Kaushik**
Mb. : 98120-20351

*General Secretary :*
**C. R. Sharma**
Mb. : 97290-93818

*Sr. Vice-President :*
Vinod Sapra

*Vice-President :*
Prof. Ashok Sharma

*Vice-President :*
Jatinder Gambhir

*Cashier :*
Rajinder Sharma

*Executive Members:*
Rajiv Sharma
R. D. Sobti
Anup Koura
Madan Lal
Surinder Arora
Bhupesh Sharma
Rajan Sharma
Deepak Sharma
Yogesh Dhall

Ref. No.............................

Dated 05-12-2021

## शोक प्रस्ताव

श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब (पंजी.), नई दिल्ली के प्रधान डॉ. शिव कुमार शर्मा जी के निधन पर शिव मन्दिर सभा, प्रीत नगर (राजा पार्क) अम्बाला छावनी के सभी सदस्य गहरा दुख एवं संवेदना प्रकट करते हैं। वह बहुत ही मिलनसार, मृदुभाषी, विचारशील, धार्मिक, सामाजिक और शान्त स्वभाव के व्यक्ति थे । उनका राजनीतिक कद भी बहुत ऊँचा था जिसके कारण वह पालमपुर से विधायक भी बने व अपने क्षेत्र में विकास के अनेक कार्य करवाये जिसके लिए उन्हें हमेशा याद रखा जायेगा ।

वह रोटरी आई हास्पिटल, पालमपुर के चेयरमैन भी थे उन्होने इस हास्पिटल के साथ जुड़कर समाज के प्रत्येक वर्ग की सेवा में अपना अहम योगदान दिया । प्रधान पद पर रहते हुए उन्होने जो संस्था में सेवा की उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता । इसके साथ-साथ वह शिक्षा के क्षेत्र में कई संस्थाओं से जुड़े रहे ।

उनका जीवन एक आदर्श जीवन रहा जो हमें इस बात के लिए हमेशा प्रेरित करता रहेगा कि किस प्रकार से समाज की सेवा करनी है फिर चाहे वह सामाजिक हो धार्मिक हो या शिक्षा से जुड़ी हो । डॉ. शिव कुमार शर्मा जी का इस दुनिया से जाना परिवार के लिए तो क्षति है ही परन्तु समाज के लिए भी बहुत बड़ी क्षति है जिसे पूरा करना असंभव है । हम सभी परमपिता परमात्मा से प्रार्थना करते हैं कि दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें व उनके परिवार को यह दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें ।

ऊँ शान्ति ! शान्ति !! शान्ति !!!

RSharma

**अनिल कौशिक**
प्रधान

**सी. आर. शर्मा**
महासचिव

# Sri Sanatan Dharam Sabha (Regd.)

NAWANSHAHR DOABA Pin-144514

Affiliated to Partinidhi Sabha Punjab, Pahar Ganj, New Delhi

## श्री सनातन धर्म सभा (रजि०) नवांशहर दोआबा

Ref No.

Dated. 9/2-21

शोक प्रस्ताव

श्री सनातन धर्म सभा (रजि०) नवांशहर के पदाधिकारी एवं सदस्य, स्कूल कालेज के अध्यापक वर्ग श्री शिव कुमार प्रधान प्रतिनिधि सभा पंजाब के निधन पर शोक व्यक्त करते है।

प्रधान शिव कुमार जी के जाने से जो क्षति हुई वह कभी पूरी नहीं हो सकती। उनके द्वारा किये कार्य सभा एवं समाज सदैव याद रखेगा।

इनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलना ही उन्हें श्रद्धांजली है।

भवदीय

तिलक राज शर्मा

महामंत्री

सनातन धर्म सभा (रजि०)

नवांशहर

कर्मण्येवाधिकारस्ते मा
फलेषु कदाचन

**संचालित संस्थाएं**

**आध्यात्मिक:**
श्री लक्ष्मी नारायण मन्दिर
श्री पंचदेव मन्दिर
श्री सरस्वती मन्दिर
श्री राम दरबार मन्दिर
श्री गोपाल मन्दिर एवं गीता भवन
श्री वैंकटेश्वर मन्दिर
श्री मदन मन्दिर मूर्तेश्वर महाराज

**शिक्षण:**
स. ध. भारतीय पब्लिक स्कूल, ज. रोड
स. ध. सीनियर सैकेण्डरी स्कूल, हिल रोड
स. ध. कन्या महाविद्यालय
स. ध. हाई स्कूल, तोपखाना बाजार
स. ध. कन्या हाई स्कूल, तोपखाना बाजार
स. ध. प्राइमरी स्कूल, हिल रोड
स. ध. प्राइमरी स्कूल, कच्चा बाजार
स. ध. नर्सरी स्कूल, हिल रोड
स. ध. किंडर स्कूल, हिल रोड
स. ध. भारतीय पब्लिक स्कूल, सेनेटोरियम

**चिकित्सा:**
स. ध. प्राकृतिक चिकित्सालय
स. ध. योग प्रशिक्षण केन्द्र
स. ध. फिज्योथेरेपी केन्द्र

**मानवीय:**
स. ध. अन्ध विद्यालय
स. ध. अन्ध विद्यालय उद्योगशाला
स. ध. अन्ध विद्यालय ब्रेल पुस्तकालय
मु. म. स. ध. स्त्री शिल्प विद्यालय

**संत सेवा :**
श्री स. ध. संत आश्रम
स. ध. सभा धर्मशाला, कच्चा बाजार
स. ध. धर्मशाला, रेजीमेन्ट बाजार

**सम्बंधित:**
स. ध. कॉलेज

स्थापित – 1932

# श्री सनातन धर्म सभा (पंजीकृत)

अम्बाला छावनी– 133001 — दूरभाष: 4004282, 4008282

क्रमांक 5DS/2021 — दिनांक:– 7/12/2021

## शोक प्रस्ताव

श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब (पंजी.), के प्रधान श्री शिव कुमार शर्मा जी के निधन पर सभा सदस्यों द्वारा गहरा शोक प्रकट किया गया और दो मिनट का मौन रखकर प्रभु से प्रार्थना की गई कि प्रभु दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान प्रदान करें और पीछे परिवार एवम् इष्ट मित्रों को यह दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

ऊँ शान्ति।     ऊँ शान्ति।।     ऊँ शान्ति।।।

प्रो. तारा चन्द गुप्ता
प्रधान, सभा

सुधीर बिन्दलस
महासचिव, सभा

Ph. 0164-2253074

# श्री सनातन धर्म सभा (रजि.) बठिण्डा

## Shree Sanatan Dharam Sabha (Regd.) Bathinda

Sabha Mandir Lane, Behind Dhobi, Bazar, BATHINDA

Registered Under Societies Act, XXI, of 1960 No. 136 Dt. 14-3-1957 of 1956-57)

S.S.D Girl's College (O) 2255104

S.S.D Women Institute of Technology (O) 2253254, 2238757

S.S.D Girl's College of Education (O) 2236750,5090035

S.S.D. College of Professional Studies Goniana-Bathinda Highway Road, Bathinda Ph. 2760070

S.S.D. Sr. Sec. School (O) 2253902

S.S.D. Moti Ram K.M.V. (O) 2255361

S.S.D. Krishna Vatika Sr. Sec. School (Eng. Medium) Bhokra (O) 2760157, 2760757

S.S.D. Public Sr. Sec. School (O) 2253095

S.S.D. Mangat Ram Mittal Sr. Sec. School (O) 2280925

S.S.D. Sada Ram Public School (O) 2281080

S.S.D. Bal Gopal Playway School (O) 2254361

S.S.D. Sabha Mandir Complex (Ph.) 2253074

S.S.D. Shiv Mandir, Shiv Mandir Chowk (O) 2217780

S.S.D. Sabha Geeta Bhawan

S.S.D. Sri Shirdi Sai Baba Mandir

S.S.D. Shri Shani Dev Ji Mandir

S.S.D. Guga Mari Mandir, Sanguana Basti

S.S.D. Sabha Langar Bhandar (Ph.) 2253074

Ref. No. 3107 Dated 1.12.21

Dr. Deshbandhu,
Acting President
Shri Sanatan Dharam Pratindhi Sabha,
Punjab,New Delhi.

A meeting of the Executive Committee of Shree Sanatan Dharam Sabha ®. Bathinda, was held to pay homage on the sad and untimely demise of your brother Dr.Shiv Kumar Ji,President Shri Sanatan Dharam Pratindhi Sabha,Punjab,New Delhi who dedicated his life for the betterment of the Society.

The S.S.D Sabha members join in the grief of the bereaved family and pray to Almighty God to give strength and courage to the members of the bereaved family to bear this irreparable loss and also give peace to the departed soul.

(CA Parmod Mittal)
PRESIDENT.
President
S.S.D. Sabha(Regd)Bathinda

# GITA BHAWAN MANDIR, GURDASPUR

UNDER :- SHRI SANATAN DHARAM PRATINIDHI SABHA PUNJAB (REGD.)

Email :- geetabhawanmandirgsp@gmail.com

President :
**TILAK RAJ SHARMA**
Principal
Ph. : 01874-220886
429, Civil Lines, Gurdaspur

General Secretary :
**MONINDER SHARMA**
B.K.O.
Behind Bus Stand, Gurdaspur
Ph. : 01874-241612

Ref. No. ...............

Dated. 8/12/21

श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब (नई दिल्ली) तथा श्री सनातन धर्म शिक्षा समिति चण्डीगढ़ के प्रधान और रोटरी आई फाउंडेशन पालमपुर के चेयरमैन रहे पालमपुर के भूतपूर्व M.L.A. डॉक्टर शिव कुमार जी के आकस्मिक निधन पर श्री गीता भवन मंदिर गुरदासपुर की मैनेजिंग कमेटी तथा स्टाफ हार्दिक शोक व्यक्त करते हैं।

स्वर्गीय डॉ. शिव कुमार जी एक सच्चे सनातन धर्मी, समाज सेवी, निःस्वार्थर भाव वाले उच्च व्यक्तित्व के मालिक व्यक्ति थे जो कि दिल की गहराईयों से दयालु तथा जरूरतमंदों की सहायता के लिए सदैव तत्पर रहते थे। वह एक सच्चे कर्मयोगी थे, जिन्होंने अपने अथक प्रयत्नों से सदैव समाज की सेवा की। वह सदा हमार सच्चे पथ प्रदर्शक रहे। जब तक उनका आर्शीवाद हमारे सर पर रहा तब त कवह सदा हमें धार्मिक और सामाजिक कार्वों के लिए प्रोत्साहित करते रहे। हम भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वे दिवंगत आत्मा को अपने श्री चरणों में स्थान दें तथा पारिवारिक सदस्यों को उन पुण्यात्मा से बिछुड़ने पर धैर्य प्रदान करें। भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें।

ॐ शांति । ॐ शांति । ॐ शांति।

Moninder Sh

निष्काम सेवा | श्री हनुमते नमः | धर्म हमारा

संस्थापक : महामना पं० मदनमोहन जी मालवीय
संयोजक : त्यागमूर्ति गो० गणेशदत्त जी



# श्री सनातन धर्म महावीर दल (रजि०)

(कार्यक्षेत्र-दिल्ली, गुजरात, चण्डीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तरांचल, राजस्थान, मेरठ क्षेत्र)

मुख्य कार्यालय : गोस्वामी गणेशदत्त भवन, मध्य मार्ग, सैक्टर 19-ए, चण्डीगढ़
दूरभाष : 0172—254283 स्थापित : 1922

अन्तर्गत : श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब) भूपेन्द्र भवन, पहाड़गंज, नई दिल्ली दूरभाष : 011—23586251

क्रमांक.......................... दिनांक..........................

आए है सो जायेंगे, राजा रंक फकीर ।

शोकग्रस्त आत्मीय स्वजनों,

आवागमन इस मृत्यु लोक का अटूट नियम है । हम सभी को एक दिन इस नश्वर संसार को छोड़कर जाना है । माया मोह से ग्रस्त हम सांसारिक जीवों के लिए अपनों से विछोह को सहन करना बड़ा ही कठिन है, लेकिन होनी के आगे हम सभी विवश हैं ।

श्री सनातन धर्म महावीर दल पंजाब के सभी सदस्य शोकग्रस्त परिवार तथा उनके परिजनों से गहरी संवेदना प्रकट करते है । हम सभी परम पिता परमात्मा से दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देने तथा शोकग्रस्त परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति देने की प्रार्थना करते है ।

ओ३म् शान्ति ! ओ३म् शान्ति ! ओ३म् शान्ति !

महन्त स्वरूप बिहारी शारण
राष्ट्रीय अध्यक्ष

महन्त स्वरूप बिहारी शरण, प्रधान, महावीर दल, धोबियां स्ट्रीट, मालेरकोटला-148023, जिला संगरूर (पंजाब) मोबाईल : 094175—04374

निष्काम सेवा

धर्म हमारा

श्री हनुमते नमः

संस्थापक : महामना पं० मदनमोहन जी मालवीय

संयोजक : त्यागमूर्ति गो० गणेशदत्त जी



# श्री सनातन धर्म महावीर दल (रजि०)

(कार्यक्षेत्र-दिल्ली, गुजरात, चण्डीगढ़, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, उत्तरांचल, राजस्थान, मेरठ क्षेत्र)

मुख्य कार्यालय : गोस्वामी गणेशदत्त भवन, मध्य मार्ग, सैक्टर 19-ए, चण्डीगढ़

दूरभाष : 0172–254283 स्थापित : 1922

अन्तर्गत : श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब) भूपेन्द्र भवन, पहाड़गंज, नई दिल्ली दूरभाष : 011–23586251

क्रमांक........................ दिनांक 7-12-2021

## शोक प्रस्ताव

श्री सनातन धर्म महावीर दल नई दिल्ली के सभी पदाधिकारियों और सदस्य गणों को यह जानकर गहरा दुख हुआ है कि श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब नई दिल्ली तथा श्री सनातन धर्म शिक्षा समिति चंडीगढ़ के प्रधान पूर्व विधायक डॉ शिवकुमार शर्मा जी का निधन हो गया है डॉ शिवकुमार शर्मा जी प्रसिद्ध समाजसेवी प्रसिद्ध शिक्षाविद कट्टर सनातन धर्मी सहृदय दयालु मृदुभाषी गरीबों के मसीहा ईमानदार तथा एक कुशल राजनेता थे इन्होंने जीवन भर सनातन धर्म एवं शिक्षण संस्थाओं में हर प्रकार से अपना पूर्ण सहयोग दिया उनके द्वारा किए हुए कार्य को भुलाया नहीं जा सकता उनके स्वर्गवास से परिवार एंव सनातन धर्म में जो क्षति हुई है उसे पूरा कर पाना कठिन है हमारी परमपिता परमात्मा से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को प्रभु अपने चरणों में स्थान दे तथा शोकाकुल परिवार व समस्त सनातन धर्मीयो को इस गहन दुख सहन करने की शक्ति प्रदान करे ।

ओम शांति

रीतू कांत गोस्वामी
प्रधान दिल्ली प्रदेश

मुकुल शर्मा
महामंत्री दिल्ली प्रदेश



निष्काम सेवा | श्री हनुमते नमः | धर्म हमारा

दूरभाष : 9501858573
9646127905

## श्री सनातन धर्म महाबीर दल पंजाब (रजिस्टर्ड) जिला अमृतसर

जिला कार्यालय : महाबीर दल श्री रामतीर्थ। मोब. 9878680768

मुख्य कार्यालय : शिव मन्दिर गणेश दत्त भवन, मध्य मार्ग, सैक्टर 19, चण्डीगढ़ रजि. न. 10, 1967–68
Affiliated with : S.D. Prati Nidhi Sabha Punjab, Bhupindra Bhawan, Pahar Ganj, Delhi.

A Voluntary Social Organisation
devoted to human services

संस्थापक : महामना पं. मदन मोहन जी (मालवीय)
संयोजक : त्याग मूर्ति गोस्वामी गणेश दत्त जी

क्रमांक ......................... दिनांक 8-12-21

**दर्शनार्थ स्थल**
गुफा श्री हनुमान मन्दिर
श्री राम दरबार
श्री हनुमान जी
माता दुर्गा जी मन्दिर
शिव मन्दिर
लंगर हाल
60 फुट मूर्ति हनुमान जी

**निर्माणाधीन**
वृद्ध आश्रम
धर्मशाला

**शाखा कार्यालय**
बजरंग भवन, स.ध. महावीर दल, पुतलीघर, फोन 2401952
मो. 98888–94758, 98729–94758
98729–67682
राधा कृष्ण मन्दिर, पुतलीघर, मो. 97814–19090
रघुनाथ मन्दिर स.ध. महावीर दल, कृष्णा नगर, इस्लामाबाद।
फोन 0183–2562306, 98153–65265
स.ध. महावीर दल नव रत्न हनुमान मन्दिर, छेहरटा।
मो. 9501858573, 9872545872
सनातन धर्म महावीर मन्दिर दल चौरसती अटारी, मो. 9569341398
महाबीर दल, मजीठा।
मो. 9780275501
महाबीर दल, अजनाला।
मो. 9814115223
महावीर दल, लोपोके।
मो. 9872142808
महाबीर दल, चौगांवा
मो. 8146383131, 9888047521
महाबीर दल, मीलोवाल
मो. 9814111411
महाबीर दल, माहल।
मो. 9988180932
महाबीर दल, मंगाली।
फोन 0183–2501384, 9417430508
महाबीर दल, चविण्डा देवी
मो. 95925–31631
महाबीर दल, गैहरी मण्डी।
मो. 9814430745
महाबीर दल, जंडियाला गुरू।
फोन 0183–2565233, 9815948340
महाबीर दल, ब्यास। मो. 9988264301
सनातन धर्म महाबीर दल तरन तारन। मो. 8557867829

आदरणीय
डा. देश बन्धु जी शर्मा
जय श्री राम
बन्धुवर

यह जानकर अति दुःख हुआ कि हमारे सभी के प्रिय नेता डा. शिव कुमार जी शर्मा अपनी जीवन यात्रा पूरी कर परम धाम पधार गये है। डा. शिव कुमार जी प. अमर नाथ जी की फुलवाड़ी के कीमती फूल थे। वह अपने पूज्य पिता जी के पद चिन्हों का अनुसरण करते हुऐ सनातन धर्म के अनुसार मानव जाति की सेवा अन्तिम समय तक करते रहे। डा. शिव कुमार जी ने समाज को अलग-अलग संस्थाओं मे रहते हुऐ रोटरी क्लब की ओर आँखों के कैम्प लगा कर अनेक लोगों को रोशनी देकर जीवन प्रदान किया। तथा परिवार को भी इस सेवा कार्य में शमिल कर विधादान देकर अपने जीवन के काबिल बनाया। राजनीति मे रहते हुये भी देश की सेवा की वह सदा सभी को प्यार और आदर देते थे। और सदा शान्ति चित रहते थे।

डा. शिव कुमार जी के जाने की क्षति कभी पूरी नही की जा सकती। सनातन धर्म सदा उनकी सेवाओं को याद रखेगा।

अन्तः हम प्रभु के चरणों मे यह प्रार्थना करते है कि प्रभु इस पवित्र आत्मा को अपने चरणों में निवास दें। पीछे परिवार, सगे सम्बन्धीयों, व सभी मित्राजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।

ॐ शान्ति शान्ति शान्ति

| | | | |
|---|---|---|---|
| नरेश कुमार चड्ढा | मुकेश नन्दा | नायन सिंह | योगेश्वर शर्मा, |
| जे.पी.वशिष्ट, | राज कुमार छाबड़ा | कालीदत्त | पवन कुमार शर्मा |
| साजन कुमार | | | |

जनक राज बावा

समस्त सदस्य महावीर दल एंवम शक्ति दल

निष्काम सेवा — श्री हनुमते नमः — धर्म हमारा

संस्थापक : महामना पं० मदनमोहन जी मालवीय
संयोजक : त्यागमूर्ति गो० गणेशदत्त जी

# श्री सनातन धर्म पंजाब महाबीर दल, जालन्धर मंडल

हैड आफिस श्री हनुमान मन्दिर, श्री राम तीर्थ धाम, अमृतसर । फोन : 0183-2400353, 5097680, 2563012

अन्तर्गत :
**श्री बजरंग भवन चैरीटैवल ट्रस्ट (रजि:)**
श्री चिन्तपूर्णी, जिला ऊना (हि. प्र.)
रजि: नंबर 1398 दिनाँक 4-6-2004
दूरभाष : 01976-255156

सम्बन्धित :
**श्री सनातन धर्म महावीर दल पंजाब**
(पंजाब, हरियाणा, हिमाचल, राजस्थान, मेरठ क्षेत्र, दिल्ली, चण्डीगढ़)
रजि: नं: 10/1967-68

मुख्य कार्यालय : गोस्वामी गणेशदत्त भवन, मध्य मार्ग, सैक्टर 19-ए, चण्डीगढ़-160019 दूरभाष : 0172-2543283 स्थापित : 1922

श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा, भुपेन्द्र भवन, पहाड़गंज, नई दिल्ली : 011-23584018, 23586251

पूज्यपाद वैष्णो देवा माँ जी
श्री मनन धाम, मोरटा, गाजियाबाद (यू. पी.)
दूरभाष : 0120-2788132, 2788358

संरक्षक

डा० श्री शिवकुमार शर्मा
भोलाधार नर्सिंग होम, नगर, पालमपुर (हि.प्र.)
दूरभाष : 01894-232076, 234441

प्रधान व फाईनैंसर(ट्रस्ट):–
प्राणनाथ भल्ला (जालन्धर)
0181-2290050, 2293050
98151-61150 (मोबाईल)
प्रधान (मण्डल):–
सुखदेव चोपड़ा (जालन्धर)
0181-2715022, 98156-36332
उप-प्रधान :–
श्री लाजपतराय नन्दा (अमृतसर)
94174-30508
मंडल महामन्त्री :–
राम लाल भाई (नंगल डैम)
01887-220765,
मंडल मन्त्री :–
नानक राज बाबा (अमृतसर)
0183-2562306
अतिरिक्त-दलपति:–
नरेश चौहा (अमृतसर)
99885-55242
कर्मचन्द (रायत-अमृतसर)
98760-73741
अमित लाल अग्निहोत्री (होशियारपुर)
01882-326352, 98558-89780
मुख्य संगठन अधिकारी :–
जे. पी. वशिष्ट (अमृतसर)
0183-2571282
ओरगनाईजिंग सैक्टरी :–
अशोक कुमार शर्मा (कादियां)
01872-220570, 99889-65039
स्टोर प्रबन्धक :–
श्री धर्म पाल शर्मा (पठानकोट)
0186-250026
भूमि प्रबन्धक
ईदपाल सिंह (लोहिया खास)
01821-276341, 98140-91408
अदीटर प्रबन्धक :–
प्रसार मन्त्री :–
प्रवेश शर्मा (जालन्धर)
0181-2293673, 95929-04514
मन्त्री :–
श्री अश्वनी बैहल (मुकेरियां)
01883-244450, 98145-45760
ललित मोहन (एम.सी.) (सुल्तानपुर)
98151-03665
श्री योगेश शर्मा (अमृतसर)
0183-2565266, 98153-65265

सलाहकार : (विशेष आमंत्रित) श्री तरसेम पाल तलवाड़ (पुरी) पटियाला डिविजन, दूरभाष : 01675-220606, 94147-20606
श्री एम. आर. अग्नीहोत्री, यमुनानगर (हरियाणा सूबा), दूरभाष : 93556-24120

क्रमांक......................... दिनाँक 7.12.21

आदरणीय

डा. देश बन्धु जी शर्मा
जय श्री राम
बन्धुवर

यह जानकर अति दुःख हुआ कि हमारे सभी के प्रिय नेता डा. शिव कुमार जी शर्मा अपनी जीवन यात्रा पूरी कर परम धाम पधार गये है। डा. शिव कुमार जी प. अमर नाथ जी की फुलवाड़ी के कीमती फूल थे। वह अपने पूज्य पिता जी के पद चिन्हों का अनुसरण करते हुऐ सनातन धर्म के अनुसार मानव जाति की सेवा अन्तिम समय तक करते रहे। डा. शिव कुमार जी ने समाज की अलग-अलग संस्थाओं में रहते हुऐ रोटरी क्लब की ओर आँखों के कैम्प लगा कर अनेक लोगों को रोशनी देकर जीवन प्रदान किया। तथा परिवार को भी इस सेवा कार्य में शमिल कर विद्यादान देकर अपने जीवन के काबिल बनाया। राजनीति मे रहते हुये भी देश की सेवा की वह सदा सभी को प्यार और आदर देते थे। और सदा शान्ति चित रहते थे।

डा. शिव कुमार जी के जाने की क्षति कभी पूरी नही की जा सकती। सनातन धर्म सदा उन्की सेवाओं को याद रखेगा।

अन्त: हम प्रभु के चरणों में यह प्रार्थना करते है कि प्रभु इस पवित्र आत्मा को अपने चरणों में निवास दे। पीछे परिवार, सगे सम्बन्धीयों, व सभी मित्रजनों को दुःख सहने की शक्ति प्रदान करें।
ॐ शन्ति शन्ति शन्ति

दुखी ह्रदय

सुखदेव पाल चौपड़ा — प्रधान (जालन्धर मंडल)
प्राण नाथ भला — चेयरमैन
नानक राज बाबा
योगेश्वर शर्मा
जे.पी. वशिष्ट
अशोक कुमार कादियां
अमृत लाल अग्निहोत्री

**समस्त सदस्य महावीर दल एंवम शक्ति दल**

अन्य कार्यालय : श्री सनातन धर्म पंजाब महावीर दल, भोलागिरी रोड, हरिद्वार (यू. पी.) फोन : 01334-227334
सप्त ऋषि आश्रम, सप्त सरोवर, फोन : 01334-261702, कपूरथला हाऊस, हरकी पौड़ी, फोन : 01334-265387



// राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम //
स्वर्गीय
डॉ0 शिव कुमार जी
प्रसिद्ध समाजसेवी, शिक्षाविद्,
प्रधान - सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब)
भावपूर्ण श्रद्धांजली
एंव श्रद्धा सुमन अर्पित करते है।
शोकाकुल :
: श्री हरि :
गोस्वामी गणेश दत्त मेमोरियल सोसायटी (रजि.)
विरेन्द्र कल्याल, के. एल. मल्होत्रा, वी. पी. सरीन, सुरिंदर मग्गन, विकास कल्याल,
मुकुल शर्मा, विशाल कल्याल, गोरव सरीन, और सभी मैम्बर
Room No.-10, Bhupindra Bhawan, Krishna Market, Pahar Ganj, New Delhi-110055
Phones : Off. : 9868228211 Mob. : 9818273084, 9818530473, 9818148211, 9891593800, 9871614040, 9350552380, 9313700824
// राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम // राम //

ਸਤਿਗੁਰ ਪ੍ਰਸਾਦਿ

# ਗੁਰਦੁਆਰਾ ਸ੍ਰੀ ਗੁਰੂ ਸਿੰਘ ਸਭਾ (ਰਜਿ:)

ਗੋਬਿੰਦ ਨਗਰ, ਅੰਬਾਲਾ ਛਾਉਣੀ

## GURDWARA SRI GURUSINGH SABHA (REGD.)

GOBIND NAGAR, AMBALA CANTT. - 133 001

ਨੰਬਰ .............. ਤਾਰੀਖ 09-12-2021

शोक संदेश

आदरणीय श्री प्रेम कुमार जी आकस्मिक निधन पर गहरा दुःख हुआ है। ऐसी पुण्य आत्मा जिन्होंने अपने जीवन काल में परिवार, समाज और देश के लिये अनेक पुण्य के कार्य किये हों, उनका संसार से चले जाना तो पूरा होने वाला नहीं है। परन्तु विधि का विधान है जो प्राणी संसार में आया है उसको अपनी यात्रा संपूर्ण करके इस नश्वर संसार को छोड़ कर जाना है। हम प्रभु पिता से प्रार्थना करते हैं, कि आदरणीय श्री प्रेम कुमार जी को अपने कमल चरणों में स्थान दें और पीछे परिवार और रिश्तेदारों को यह जो क्षति हुई है सहन करने की हिम्मत प्रदान करें।

ओम शान्ति, ओम शान्ति, ओम शान्ति

President

Gurudwara Shiri Guru Singh Sabha
Gobind Nagar, Ambala Cantt

# GOSWAMI GANESH DUTT SANATAN DHARAM COLLEGE
# RAJPUR (PALAMPUR)

Ref no :SDES/2021-2022/Con Dated : 05.12.2021

**CONDOLENCE RESOLUTION**

Principal, staff and students of GGDSD College Rajpur are deeply shocked to learn about the sad and untimely demise of Revered Dr Shiv Kumar. Dr Shiv Kumar, in his capacity as the President of GGDSD Education Society Baijnath and GGDSD College Rajpur played a pivotal role in bringing this institution to an institute of eminence as it stands today. A humble human being, lively personality and able administrator and a noble soul, the demise of the Dr Shiv Kumar has left a big vacuum in the Sanatan Dharam organizations. The management and staff and members of the Governing body met in the emergent meeting and through this resolution conveys their deep condolences on behalf of society and College and all other institutions to whole Family to bear this irreparable loss.

**We pray for solace for the family he has left behind.**

**May his precious soul rest in peace.**

Dr Vivek Sharma
Executive Director
GGDSD Education Society Baijnath

REGISTRATION NO. 2314/81

SANATAN DHARAM SHIKSHA SAMITI (REGD.)
SUBATHU, DISTT SOLAN-173206 (H.P.)
E-mail: manish_subathu@yahoo.co.in

**PRESIDENT:**
Romesh Aggarwal
Ph. 94180-77588

**GEN./FINANCE SECRETARY:**
Manish Gupta
Ph. 98162-02163

## शोक प्रस्ताव

आज दिनांक 04.12.2021 को डा० शिव कुमार जी के देहावसान पर गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म महाविद्यालय की शिक्षा समिति सुबाथू की शोक सभा महाविद्यालय परिसर में आयोजित हुई। डा० शिव कुमार जी अपने जीवन काल में सामाजिक कार्यों के लिए जाने जाते रहे हैं। यह श्री सनातन धर्म सभा पंजाब के अध्यक्ष थे। तथा सनातन धर्म की संस्थाओं द्वारा चलाए जा रहे शिक्षा संस्थाओं में इनका सराहनीय योगदान रहा है। इनके कार्य अनुसरणीय है।

शिक्षा समिति ने एक मत से शोक प्रस्ताव पारित किया तथा इनके देहान्त पर अत्यन्त दुःख व्यक्त करते हुए परम पिता परमेश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और विश्वास जताया कि दिवंगत आत्मा श्री हरि के चरणों में निवास करें तथा परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्राप्त हो।

इनके द्वारा किए गये कार्यों का अनुसरण ही इनके लिए सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

अध्यक्ष एव समस्त सदस्यगण
सनातन धर्म शिक्षा समिति सुबाथू
जि० सोलन (हि० प्र०)

*Office of the Principal*

Ph.: 01886-250041 (Tele Fax)
Ph.: 01886-250018 (Off.)
Mob.: 94175-48868

# Goswami Ganesh Dutt Sanatan Dharam College, Hariana (Hsp.)

**Affiliated to Panjab University, Chandigarh**
Formerly known As Hindu National College, Hariana (Hoshiarpur)
**Run & Managed by Shri Sanatan Dharma Pratinidhi Sabha (Pb.) Paharganj, New Delhi.**
website : www.ggdsdcollegehariana.org E-mail : principalggdsdc@gmail.com

Ref. No. Misc.-alp-/1504 Dated 07-12-2021

## शोक -संदेश

गोस्वामी गणेशदत्त सनातन धर्म कालेज हरियाना के सचिव डा. गुरदीप कुमार शर्मा के दिशा-निर्देश में कालेज के प्रचार्य डा. राजीव कुमार की अध्यक्षता में एक शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में कालेज प्रबंधकीय कमेटी के सदस्य, प्राचार्य, समूह स्टाफ व विद्यार्थी शामिल हुए। जिसमें हम सब के अत्यंत प्रिय डा. शिव कुमार शर्मा जी (पूर्व विधायक, पालमपुर), के अकास्मिक निधन (दिनांक 29-11-2021 दिन सोमवार) पर गहरी शोक संवेदना प्रकट की गई। आप श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब) नई दिल्ली जी कि 7 राज्यों 2 केंन्द्र शासित प्रदेशों मे धार्मिक, शैक्षणिक व समाजिक कार्य कर रही हैं, के पिछले 22 वर्षों से लगातार प्रधान थे। इसके अतिरिक्त रोटरी आई फाउडेशन पालमपुर के संस्थापक व अध्यक्ष, श्री सनातन धर्म शिक्षा समिति के प्रधान, जी. जी. डी. एस. डी. शिक्षा समिति, बैजनाथ (हिमाचल प्रदेश) के प्रधान, व स्थानीय महाविद्यालय की प्रबधंकीय कमेटी के प्रधान थे।

डा. शिव कुमार शर्मा जी एक सच्चे सनातन धर्मी, मधुर स्वभाव, निष्काम सेवा कर्मी, सौम्यता के प्रतिमूर्ति, दैवी गुणों से सम्पन्न, मानव कल्याण को समर्पित व्यक्तित्व के स्वामी थे। इन्होंनें अपने पिता प्रात: स्मरणीय स्वर्गीय पंडित अमरनाथ जी के समाज सेवा के आदर्श को जीवन भर निभाया। इन्होंनें रामानंद बाल व वृद्धाश्रम सलियाणा, विधवा व प्रताडित महिलाओ के लिए नारी उत्थान केंद्र सुंबल व वूमेन एंड चाइल्ड केयर अस्पताल की स्थापना की। ऐसी पुण्य आत्मा हमारे मे विरल ही जन्म लेती है। इस पुण्य आत्मा के स्वॅग वास हो जाने से सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के सनातन परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है।आपकी इस क्षति को पूरा तो नहीं किया जा सकता लेकिन हमारी भगवान् से यही प्रार्थना है कि वह दिवगंत आत्मा को अपने श्री चरणों मे स्थान दे एवं सम्पूर्ण परिवार को इस असहनीय दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।भगवान से हमारी यही प्रार्थना है कि हम अपने जीवन मे उनके पद-चिन्हों का अनुसरण करें।

ओम शांति शांति शांति।

Rajiv
प्राचार्य
जी. जी. डी. एस. डी. कालेज
हरियाना, होशियारपुर।

Office of the President

# S.D. COLLEGE, HOSHIARPUR

Deep Nagar, Phagwara Road, Hoshiarpur - 146001

(Trusted by : New S.D. College Managing Committee, Hoshiarpur)

Permanently Affiliated to Panjab University, Chandigarh & Recognised by UGC

Under Section 2(f) &12(b) Accredited by NAAC with Grade B+

Estd. 1973

Ref. No. SDC/ 2024/2021 Dated 08/12/2021

## Condolence Massage

The Management ,staff and Students of Sanatan Dharm (S.D ) College, Hoshairpur extend their deepest condolences on the sad demise of Dr. Shiv Kumar Sharma Ji,(Ex- MLA), President College Managing Committe , Shri Sanatan Dharma Pratinidhi Sabha (Pb) New Dehli and Shri Sanatan Dharma Education Board , Chandigarh, who left his heavenly abode on 29/11/2021 in Grecian Mohali. It is impossible to fill the void his demise has created in the society and whole S.D.family . The impact of the sublime soul, the man par excellence will always be with us.

We pray to Ishawar to bless the dear departed soul with permanent peace and abode in his celestial world. May Ishwar give enough strength to the bereaved family to bear the irreparable losswith courage and fortitude!

Hema Sharma.

(Smt. Hema Sharma)

President New S.D College Managing Committee ,

Hoshiarpur (Pb)

Office : 01882-249968, 248068 | Fax : 01882-248068
E-mail : sdcollegehsp@gmail.com | Website : www.sdcollegehsp.net

**SANATAN DHARMA COLLEGE**
AMBALA CANTT -133 001
(Under S.D. College Society, New Delhi)
NAAC accredited College with 'A+' Grade with 3.51 CGPA in 3rd cycle
College with Potential for Excellence-U.G.C., New Delhi

Ref. No. SDC/2021-2022-| 4981

Dated 30-11-21

# Condolence Resolution

The Management, Principal & staff of Sanatan Dharma College, Ambala Cantt places on record their heart-felt sympathy on the sad demise of Dr Shiv Kumar Sharma Ji, respected brother of Dr. Desh Bandhu, Vice-President of Sanatan Dharma College Society, New Delhi and former Principal of this college on 29th November, 2021.

We all pray to God Almighty to grant peace to the departed soul and give strength to all the members of bereaved family to bear this irreparable loss.

Resolved that a copy of the Resolution be sent to his family members.

Rajinder Singh
(Dr. Rajinder Singh)
Principal

Phones : (O) 0171-2630283 Fax : 0171-2640283
E-mail : principal.sdcol@gmail.com ■ Website : www.sdcollegeambala.ac.in

Goswami Ganesh Dutta

# S.D. COLLEGE

A MULTI FACULTY POST GRADUATE CO-EDUCATIONAL INSTITUTION

A College with Potential for Excellence - U.G.C.
Awarded "A+" Grade - NAAC, Bengaluru
Selected under 'Star College Scheme' - D.B.T.
Selected under 'FIST Programme' - D.S.T.
Deen Dayal Upadhyay KAUSHAL Kendra Status-U.G.C.

SECTOR 32-C, CHANDIGARH -160 030
PH. : 0172-4912400, 2562816, FAX : 0172-2661077,
E-mail : info@ggdsd.ac.in , Visit us at : www.ggds[illegible]/11/2021

## CONDOLENCE MESSAGE

The Management, staff and students of Goswami Ganesh Dutta Sanatan Dharma College Society, Chandigarh place on record their heartfelt condolences on the demise of Dr. Shiv Kumar Sharma, President, Shree Sanatan Dharma Pratinidhi Sabha (Punjab), New Delhi, who left for his heavenly abode today morning (29/11/2021) in Grecian Hospital, Mohali.

The loss and grief of the entire family is considerable and irrecoverable. May God grant peace to the departed soul and give strength enough to the members of the bereaved family to bear this irreparable loss with courage and fortitude!

**Principal**

स्थापित : 1916

दूरभाष: 2634283
मोबाईल : 9896356235

**श्री दीवान कृष्ण किशोर**

## सनातन धर्म आदर्श-संस्कृत कॉलेज (लाहौर)

अम्बाला छावनी।

(कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय की प्राच्य संस्कृत परीक्षाओं के लिए अनुमोदित तथा
भारत सरकार शिक्षा मन्त्रालय द्वारा आदर्श संस्कृत महाविद्यालय के रूप में स्वीकृत)

क्रमांक ..............................

दिनांक 30-11-2021

**श्रद्धाञ्जलि:**

**ओमित्येकाक्षरं ब्रह्म व्याहरन् मामनुस्मरन्।**
**य: प्रयाति त्यजन् देहं स याति परमां गतिम्॥**

दीवान कृष्ण किशोर सनातन धर्म आदर्श संस्कृत कॉलेज (लाहौर), अम्बाला छावनी के प्राचार्य, प्राध्यापकों, छात्रों एवं कर्मचारियों की यह संयुक्त-सभा, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा (पंजाब), नई दिल्ली एवं सनातन धर्म शिक्षा बोर्ड, चण्डीगढ़ के अध्यक्ष डॉ. शिव कुमार शर्मा जी के आकस्मिक निधन पर हार्दिक शोक व्यक्त करती है तथा परमप्रभु से प्रार्थना करती है कि वे दिवंगत आत्मा को अपने चरणों में स्थान देकर मोक्ष प्रदान करें। हम सब प्रभु से प्रार्थना करते हैं वे शर्मा जी के परिवार जनों एवं मित्रगणों को यह असहय वेदना सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

सामाजिक एवं शैक्षणिक क्षेत्र में अपने योगदान के लिए श्रद्धेय शर्मा जी को सदा स्मरण किया जाता रहेगा। सनातन धर्म जगत् उन्हें श्रद्धापूर्वक श्रद्धाञ्जलि प्रदान करता है।

**अनादिनिधनो देवः शङ्खचक्रगदाधरः ।**
**अव्ययः पुण्डरीकाक्षः पितृमोक्षप्रदो भव ॥**

30/11/2021

शोक सहभागी

प्राचार्य, प्राध्यापक, कर्मचारीगण एवं छात्र

MULTI FACULTY POST GRADUATE PREMIER WOMEN INSTITUTE OF PUNJAB

# S.D. COLLEGE FOR WOMEN

(AFFILIATED TO PANJAB UNIVERSITY, CHANDIGARH)
3, Jawahar Nagar, MOGA. Tel.: 01636-220174, 221479
e-mail : moga_sdcollege@yahoo.co.in Website : www.sdcmoga.com

Ref. No. ........ Dated 29/11/2021

**CONDOLENCE MESSAGE**

The Management, the Principal and staff of S.D College for Women, Moga place on record their heartfelt condolences on the demise of Dr. Shiv Kumar Sharma, President, Shree Sanatan Dharma Pratinidhi Sabha (Punjab), New Delhi, who left for his heavenly abode today morning (29/11/2021).

The loss and grief of the entire family is considerable and irrecoverable. May God grant eternal peace to the departed soul and give strength to the family members to bear this irreparable loss with courage and fortitude!

Chairman

Principal 29/11/2021

---

|संस्थापक:|
|---|
|[illegible]|

|[illegible]|
|---|
|[illegible]|

॥ श्री हरि ॥

श्रीसनातन धर्मप्रतिनिधि सभापंजाबसम्बद्ध

# श्रीजगदेवसिंहसंस्कृतमहाविद्यालयः

[illegible] 01334-[illegible]
E-mail - [illegible] Mob. [illegible]

पत्र संख्या:- दिनांक:- 30 नवम्बर, 2021

वाक्यपुष्पश्रद्धाञ्जलयः

महतो दुःखस्य विषयोऽयं यत् सनातनधर्मप्रतिनिधिसभापञ्जाबस्य प्रधानः श्रीमन्तः डॉ० शिवकुमारशर्म महोदयस्य [illegible] दुःखी जाताः। तेषां मनसि अस्माकं महाविद्यालयस्य [illegible] [illegible] आदरं [illegible] [illegible] वयं प्रायः [illegible] वयं [illegible] [illegible] श्री [illegible] [illegible] अस्माकं [illegible] श्रीमतां डॉ० [illegible] [illegible] [illegible] तेषां [illegible] [illegible] [illegible] प्रयच्छतु।

प्रधानाचार्य
श्री जगदेव सिंह संस्कृत महाविद्यालयः
[illegible] भवदीय,

# एस.एम.एस.डी.इण्टर कॉलेज

**कनखल हरिद्वार –249408 (उत्तराखण्ड)**

पत्रांक. 3/2021–22          दिन :: 06–12–202

## शोक प्रस्ताव

श्री सनातन धर्म इण्टर कॉलेज कनखल हरिद्वार की प्रबन्ध समिति एवं पूरा विद्यालय परिवार श्री रानातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब,नई दिल्ली, श्री सनातन धर्म शिक्षा समिति चण्डीगढ़ के प्रधान ,पूर्व विधायक डा0 शिव कुमार शर्मा जी के स्वर्गवास के दुखद समाचार से शोक सन्तप्त है डा0 शर्मा का जीवन सनातन धर्म की शिक्षाओं का जीवंत उदाहरण रहा है। उनका प्रत्येक कर्म प्रत्येक आचरण सनातन धर्म को समर्पित रहा है। उनके कुशल नेतृत्व में सप्तऋषि आश्रम हरिद्वार ने वैदिक कालीन ऋषियों की परंपरा को जीवंत किये रखा।

बहुमुखी प्रतिभा के धनी डा0 शिव मुख्य रूप से चिकित्सक थे परन्तु उनका शिक्षाविद रूप प्रखरता से सदैव हमारे विद्यालयों का विकास करता रहा हैं।शिक्षण संस्थाओं के प्रति इनका योगदान अविस्मरणीय रहेगा। डा0 शिव के स्वर्गवास से सनातन धर्म समाज को अपूरणीय क्षति हुई है ।

हमारी परम् पिता परमेश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत सदआत्मा को अपने चरणों में स्थान [illegible] एवं समस्त सनातन धर्म परिवार को इस गहन दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे।

- मानव कल्याण के लिए समर्पित रहे डा. शिव कुमार
- मारंडा में करवाई थी रोटरी आइ अस्पताल की स्थापना

### 1978 में करवाई थी रोटरी क्लब की स्थापना

[illegible]

# डाक्टर शिव कुमार के सिद्धांतों पर खरा उतरेगा रोटरी

पालमपुर। डा. शिव कुमार के निधन को दस दिन बीत चुके हैं, लेकिन उनका मुस्कुराता हुआ चेहरा आज भी हमारी आंखों के सामने है। डा. साहब बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उनका कार्यक्षेत्र केवल पालमपुर तक ही सीमित नहीं था बल्कि यह देश के पूरे उत्तरी क्षेत्र में फैला हुआ था। पालमपुर रोटरी क्लब के वरिष्ठ पदाधिकारी रोटेरियन चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि उन्होंने क्षेत्र की सेवा के लिए रोटरी को एक माध्यम के रूप में चुना। एमबीबीएस करने के बाद उन्होंने पालमपुर को गरीब लोगों की सेवा के लिए क्षेत्र के रूप में चुना। उनके पिता पंडित अमर नाथ गरीबों के नि:स्वार्थ सेवक के रूप में जाने जाने वाले एक महान व्यक्तित्व थे। उनके पदचिन्हों पर चलते हुए डा. शिव कुमार ने भी बड़े शहर या सरकार में अभ्यास के बजाय निजी क्लीनिक से लोगों की सेवा का चयन किया। रोटरी द्वारा उन्हें सर्विस एबव सेल्फ अवार्ड से भी अलंकृत किया गया। डाक्टर शिव कुमार अमर हुए हैं उनके बनाए सिद्धांतों पर अब यहां की रोटरी संस्था को खरा उतरना होगा जो उनके लिए बड़ी श्रद्धांजलि होगी।

# डॉ. शिव कुमार पंचतत्व में विलीन

पालमपुर। पालमपुर के प्रमुख समाजसेवी एवं रोटरी क्लब के संस्थापक डॉ. शिव कुमार का मंगलवार को घुग्गर नाला शमशानघाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण लोगों ने उन्हें फूल अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। डॉ. शिव कुमार पालमपुर के सबसे पुराने चिकित्सक भी रहे हैं, जिन्होंने एमबीबीएस करके घुग्गर में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। डॉ. शिव कुमार पालमपुर से भाजपा के विधायक भी रहे तथा उसके उपरांत उनके मन में समाजसेवा का एक ऐसा जज्बा आया कि उन्होंने अपनी राजनीतिक जीवन को तिलांजलि ही दे दी। डॉ. शिव कुमार के अंतिम संस्कार पर पालमपुर के पूर्व विधायक बृज बिहारी लाल बुटेल, एसडीएम पालमपुर अमित गुलेरिया, रोटरी जिला 3070 पूर्व गवर्नर सुनील नागपाल, मैडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विनय महाजन, हिमोत्कर्ष पदाधिकारी मनोज कंवर, डॉ. आदर्श, ऋषि, कौस्तव, अजय, विकास, संजीव, पालमपुर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय शर्मा, सचिन वर्मा, रोटरी आई फाउंडेशन पदाधिकारी बीसी अवस्थी आदि मौजूद रहे।

# डा. शिव कुमार का निधन, आज होगा अंतिम संस्कार; विधानसभा अध्यक्ष ने जताया शोक



डा. शिव कुमार

पालमपुर, 29 नवंबर (जसवंत कठियाल): समाजसेवा के क्षेत्र में हमेशा आगे रहे कई सामाजिक संस्थाओं के अध्यक्ष रहे पालमपुर के पूर्व विधायक डा. शिव कुमार का बीमारी के चलते सोमवार सुबह चंडीगढ़ में देहांत हो गया। उनके देहांत की खबर सुनते ही पूरे उपमंडल में शोक की लहर छा गई। पालमपुर के पूर्व विधायक डाक्टर शिव कुमार का आज मंगलवार को घुग्गर स्थित नाला मंदिर के पास श्मशानघाट पर सम्मान पूर्वक अंतिम संस्कार किया जाएगा।

**शिमला :** प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने भाजपा के पूर्व विधायक डा. शिव कुमार के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है। परमार ने कहा कि डा. शिव कुमार एक प्रखर वक्ता थे तथा सीधे तौर पर गरीबों, असहायों तथा समाज में पिछड़े तबकों से जुड़े नेता थे। परमार ने कहा कि डा. शिव कुमार जिला कांगड़ा स्थित पालमपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के एक सम्मानीय नेता थे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है तथा दिवंगत आत्मा की शान्ति की प्रार्थना की है। विधान सभा के उपाध्यक्ष डॉ हंस राज तथा सचिव विधान सभा ने भी डा. शिव कुमार के निधन पर गहरा शोक प्रकट किया है तथा शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है।

# समाजसेवी और पालमपुर के पूर्व विधायक डॉ. शिव कुमार का निधन

संवाद न्यूज एजेंसी

पालमपुर (कांगड़ा)। जाने माने समाजसेवी और राजनेता डॉ. शिव कुमार (82) का सोमवार सुबह चंडीगढ़ अस्पताल में निधन हो गया। डॉ. शिव कुमार पिछले कई दिनों से अस्वस्थ चल रहे थे। डॉ. शिव कुमार मंगलवार को घुग्गर नाला के श्मशानघाट पर संस्कार किया जाएगा। डॉ. शिव कुमार राजनेता से अधिक समाजसेवक माने जाते रहे।



डॉ. शिव कुमार (फाइल फोटो)

डॉ. शिव प्रमुख सामाजिक कार्यकर्ता, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् स्वर्गीय पं. अमरनाथ शर्मा के पुत्र थे। उनकी प्राथमिक शिक्षा सनातन धर्म हाई स्कूल, बैजनाथ और पालमपुर से हुई। मेडिकल कॉलेज अमृतसर से एमबीबीएस किया। उन्होंने पालमपुर में अपना निजी क्लीनिक शुरू किया और खुद को सबसे लोकप्रिय व्यवसायी के रूप में स्थापित किया। उनके लिए चिकित्सा पैसा कमाने का साधन नहीं, बल्कि वास्तविक समाज सेवा थी।

डॉ. शिव 1977 में रोटरी क्लब पालमपुर के चार्टर अध्यक्ष के रूप में रोटरी में शामिल हुए और लगातार तीन वर्षों तक अध्यक्ष बने रहे। इस दौरान पूरे रोटरी जिले में पालमपुर रोटरी ने अपना नाम स्थापित किया। एक समर्पित रोटेरियन के रूप में अपने विशिष्ट करियर के दौरान उन्होंने जिला स्तर पर अलग-अलग जिम्मेदारियां निभाईं। वह सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब के अध्यक्ष थे।

इनके नेतृत्व में हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तरांचल और जम्मू-कश्मीर में सफल शैक्षणिक संस्थान चले हुए हैं।

**1990 में भाजपा के विधायक बने थे**

डॉ. शिव कुमार 1990 में पालमपुर से भाजपा के उपचुनाव से विधायक थे। इसके अलावा हिमाचल प्रदेश की कई महत्वपूर्ण समितियों का नेतृत्व किया है। डॉ. शिव कुमार की तमाम उपलब्धियों के पीछे उनकी पत्नी डॉ. विजय शर्मा का हाथ माना जाता है।

# समाजसेवी एवं पूर्व विधायक डा. शिव कुमार नहीं रहे

**कोरोना से थे संक्रमित, चंडीगढ़ के निजी अस्पताल में ली अंतिम सांस, आज होगा अंतिम संस्कार**

**संवाद सहयोगी, पालमपुर :** समाजसेवी और पालमपुर के पूर्व विधायक डाक्टर शिव कुमार का सोमवार सुबह चंडीगढ़ के एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। 83 वर्षीय डा. शिव कुमार कोरोना संक्रमित थे। बेटे राघव शर्मा ने बताया कि सोमवार सायं उनकी पार्थिव देह पालमपुर लाई गई। मंगलवार को कोविड प्रोटोकाल के तहत नाला मंदिर में अंतिम संस्कार किया जाएगा।



स्वर्गीय डा. शिव कुमार। फाइल फोटो

चार जून, 1939 को जन्मे डा. शिव कुमार 1990 से 1992 तक पालमपुर हलके के विधायक रहे थे। पालमपुर से डा. शिव कुमार को चुनाव लड़ने का मौका उस समय मिला था, जब शांता कुमार पालमपुर व सुलह दोनों हलकों से चुनाव जीते थे। ऐसे में शांता कुमार ने पालमपुर सीट छोड़ी थी। 1990 में हुए उपचुनाव में डा. शिव कुमार ने भाजपा की टिकट पर चुनाव लड़ा और जीत हासिल की थी। छह दिसंबर, 1992 को प्रदेश में शांता कुमार की सरकार बर्खास्त कर दी गई थी। डा. शिव कुमार गोस्वामी गणेश दत्त के शिष्य व पंडित अमरनाथ के छोटे बेटे थे। पंडित अमरनाथ ने बैजनाथ में पहले निजी बहुतकनीकी संस्थान की स्थापना की थी। पिता के पदचिह्नों पर चलते हुए डा. शिव कुमार ने लोगों की सहायता के लिए कई आयाम स्थापित किए थे। मानवता के क्षेत्र में उनके योगदान को भुलाया नहीं जा सकता है। पालमपुर के मारंडा में रोटरी आइ अस्पताल देश के साथ-साथ विश्वभर के लोगों की आंखों के इलाज के लिए वरदान साबित हुआ है। कनाडा से भी डा. शिव कुमार के नाम पर दान अस्पताल को मिला था। रोटरी आइ अस्पताल की स्थापना डा. शिव कुमार ने उस समय की थी जब प्रदेश में आंखों के इलाज के लिए कोई बड़ा अस्पताल नहीं था। डा. शिव कुमार ने सनातन धर्म प्रचार-प्रसार में भी विशेष कार्य किया है। सलियाणा में वृद्ध आश्रम उनकी की ही देन है।

संबंधित समाचार » 3

# समाज सेवी एवं पूर्व विधायक डा. शिव कुमार नहीं रहे

पालमपुर, 29 नवम्बर (भृगु): पूर्व विधायक एवं समाज सेवी डा. शिव कुमार (83) का निधन हो गया। सोमवार प्रातः लगभग साढ़े 8 बजे उन्होंने चंडीगढ़ के एक अस्पताल में अंतिम सांस ली।



वह पिछले कुछ समय से अस्वस्थ थे। प्रसिद्ध सामाजिक कार्यकर्ता, स्वतंत्रता सेनानी, शिक्षाविद् स्वर्गीय पं. अमरनाथ शर्मा के घर 4 जून 1939 को पैदा हुए डा. शिव कुमार ने रोटरी के माध्यम से समाज सेवा के अनेक प्रकल्प स्थापित किए, जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान मिली।

एक समर्पित रोटेरियन के रूप में अपने विशिष्ट करियर के दौरान उन्होंने जिला स्तर पर विभिन्न दायित्व निभाए, जिसके लिए उन्हें सराहना मिली और सभी जिला गवर्नरों ने उन्हें सम्मानित किया। उनका अंतिम संस्कार मंगलवार को घुग्गर नाला मंदिर स्थित श्मशानघाट में किया जाएगा। शोक स्वरूप रोटरी के समस्त कार्यालय तथा सनातन धर्म सभा द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान बंद रहेंगे।



पालमपुर : मारंडा में नेत्र चिकित्सालय के आधारशिला कार्यक्रम में उपस्थित डा. शिव कुमार।

### स्वयं हाथ में टॉर्च पकड़ करवाया था पहला ऑप्रेशन

रोटरी आई चिकित्सालय पालमपुर में प्रथम आई सर्जरी टॉर्च की लाइट में हुआ था। डा. शिव कुमार ने 3 सैल की टॉर्च को हाथ में पकड़ कर वह ऑप्रेशन करवाया था। वह पालमपुर रोटरी आई फाउंडेशन के संस्थापक अध्यक्ष रहे, जिसके अंतर्गत मारंडा में एक विशाल रोटरी आई अस्पताल, परागपुर में एक सैटेलाइट नेत्र अस्पताल और धुसाड़ा में एक अन्य नेत्र अस्पताल की स्थापना की। इसके अतिरिक्त ठाकुरद्वारा में दिव्यांग और मानसिक रूप से मंद बच्चों के लिए एक केंद्र भी स्थापित किया जा रहा है।

डा. शिव कुमार के निधन पर पालमपुर के पूर्व विधायक प्रवीन कुमार व राज्य सभा सांसद इंदु गोस्वामी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगत आत्मा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि पालमपुर ने एक महान समाज सेवक ही नहीं, बल्कि सस्ती चिकित्सा प्रदान करने वाले एक सुप्रसिद्ध चिकित्सक को खो दिया है। भगवान दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे और शोकाकुल परिवार को इस दुख और अपूर्णीय क्षति को सहन करने की शक्ति दे।

नैशनल मैडीकोज ऑर्गेनाइजेशन ऑफ इंडिया ऑफ (?) क्लाइंडस की हिमाचल प्रदेश शाखा के अध्यक्ष के रूप में डा. शिव कुमार ग्रामीण क्षेत्रों में नेत्र शिविरों का समायोजन करते रहे हैं। वह सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब के अध्यक्ष और सनातन धर्म सभा हिमाचल प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, दिल्ली, चंडीगढ़, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में शैक्षणिक संस्थान के अध्यक्ष रहे। उन्होंने भाजपा विधायक के रूप में पालमपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया था और हिमाचल प्रदेश की कई महत्वपूर्ण समितियों का नेतृत्व विधानसभा में किया। वहीं विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने पूर्व विधायक डा. शिव कुमार के निधन पर गहरा शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना और परिजनों के प्रति अपनी संवेदना प्रकट की है।

> डा. शिव कुमार जी के स्वर्गवास से पालमपुर में समाज सेवा का एक बहुत बड़ा स्तम्भ उठ गया। उन्होंने जीवन भर समाज सेवा के कई कार्य किए। मारंडा आई अस्पताल इस समय हिमाचल में ही नहीं, बल्कि अन्य बहुत से प्रदेशों के हजारों लोगों को आंखों की ज्योति दे रहा है। पालमपुर में रोटरी आंदोलन की स्थापना सबसे पहले डा. शिव कुमार ने की। उन्होंने अपने पूज्य पिता पंडित अमरनाथ जी के समाज सेवा के आदर्श को जीवन भर निभाने का प्रयास किया। उनके निधन से पालमपुर में समाज सेवा का एक युग समाप्त हो गया। मैं उनके परिवार से गहरी संवेदना प्रकट करता हूं।
>
> -शांता कुमार, पूर्व मुख्यमंत्री

## पिता के पदचिन्हों पर योग्य बेटा

# महान समाजसेवी डा. शिव कुमार : शांता कुमार

ऐसा उदाहरण बहुत कम मिलता है कि पिता के समाज सेवा के काम को किसी पुत्र ने आगे ही नहीं बढ़ाया बल्कि कई गुना अधिक करके परिवार के नाम को रोशन किया हो। सौभाग्य से ऐसा उदाहरण हमारे पालमपुर में पंडित अमर नाथ शर्मा और उनके बेटे डाक्टर शिव कुमार का मिला है।

आज से लगभग 80-90 वर्ष पहले पंडित अमर नाथ शर्मा ने सनातन धर्म सभा के तत्वावधान में सेवा का यज्ञ शुरू किया। उस समय भारत स्वतंत्रता प्राप्ति के लिए संघर्ष कर रहा था। शिक्षा की दृष्टि से पूरे क्षेत्र में 3 हाई स्कूल थे। लाखों की आबादी थी। उस परिस्थिति का मैं स्वयं भुगतभोगी हूं। 1945 में पोस्टमास्टर के पद पर आसीन मेरे पिता जी का स्वर्गवास हुआ। संपन्नता में जी रहा परिवार गढ़ जमूला गांव के घर में जाकर गरीबी से दो-चार होने लगा। गांव से लगभग 6 किलोमीटर दूर धुरल में सनातन धर्म की ओर से एक हाई स्कूल शुरू किया गया। मैं 5वीं कक्षा में वहीं पढ़ने लगा। भवारना के पोस्ट आफिस में आनंद का जीवन व्यतीत करने के बाद प्रतिदिन जंगल और कच्ची सड़क से 12 किलोमीटर आते-जाते मुझ पर क्या बीतती थी, यह सोच कर आज भी शरीर कांप जाता है। मेरे पिता जी और पंडित अमर नाथ जी की मित्रता थी। एक दिन मैं स्कूल में कक्षा में ही बैठा था। मुझे एकदम कार्यालय में बुलाया गया। पंडित अमर नाथ आए थे। उन्होंने मुझे प्यार किया। परिवार का कुशलक्षेम पूछा और फिर मुख्य अध्यापक को कहा कि मेरी पूरी फीस माफ की जाए। उस



**शांता कुमार**
पूर्व मुख्यमंत्री, हिमाचल प्रदेश

समय की उनकी सांत्वना मेरे लिए एक बहुत बड़ा सौभाग्य था। उन्हीं के सहयोग से मैं आगे बढ़ा। फिर उन्होंने स्कूल में अध्यापक नियुक्त किया। उन्होंने मुझे धुरल स्कूल में ही अध्यापक लगा दिया। पंडित अमर नाथ ने उस समय कांगड़ा जिले के दूर-दूर के इलाकों में लगभग 30 स्कूल शुरू कर दिए थे। कुछ दिन बाद अध्यापक प्रशिक्षण तथा अन्य संस्थाएं भी प्रारंभ कीं। उस समय के मेरी तरह के हजारों विद्यार्थी उनके हमेशा ऋणि रहेंगे। यदि सनातन धर्म स्कूल न होते तो हम में से बहुत अपनी शिक्षा प्राप्त नहीं कर पाते।

डाक्टर शिव कुमार पालमपुर के आम गरीब आदमी के डाक्टर बन गए। उस समय वह सबसे प्रमुख डाक्टर थे।

धीरे-धीरे वह अपने पिता के पदचिन्हों पर सेवा के मार्ग में आगे बढ़े। पालमपुर में रोटरी आंदोलन प्रारंभ किया। बहुत बड़ा भवन बना। कुछ समय बाद मारंडा में ऐतिहासिक आई अस्पताल की स्थापना की। उसके लिए कठोर परिश्रम किया, साधन जुटाए और आज हिमाचल ही नहीं बल्कि उत्तर भारत का आंखों का एक प्रमुख अस्पताल मारंडा में खड़ा किया। मारंडा के बाद 2 और स्थानों पर आंखों के अस्पताल शुरू किए। सलियाणा में एक वृद्धाश्रम शुरू किया।



**डा. शिव कुमार**

**करोड़ों रुपए के काम करने के बाद उंगली तक नहीं उठी :** पालमपुर के सभी प्रबुद्ध नागरिकों ने डा. शिव कुमार का हर प्रकार से सहयोग दिया। करोड़ों रुपए दान में लेकर उन्होंने कई संस्थाएं खड़ी कीं। अपने साथ काम करने वाले योग्य सहयोगियों को भी तैयार किया। शिक्षा के क्षेत्र में भी कालेज की स्थापना की। सेवा का काम जीवन के अंत तक करते रहे। उनके जीवन कार्य की एक सबसे बड़ी विशेषता यह थी कि करोड़ों रुपए का काम करने के बाद भी कभी किसी प्रकार की उनकी आलोचना नहीं हुई। वह इतनी ईमानदारी से सारा काम करते और करवाते थे कि उन पर कभी किसी प्रकार की उंगली नहीं उठी। डा. शिव कुमार एक आदर्श जीवन जी कर गए। मेरे मित्र थे। मैं जब पालमपुर सनातन धर्म स्कूल में पढ़ाता था तो डा. शिव कुमार मेरे पास उसी स्कूल में पढ़ते थे। वह हमारी पार्टी में आए। पालमपुर से विधायक बन कर उन्होंने जनता की सेवा की। डा. शिव कुमार व्यक्ति नहीं एक संस्था थे। आने वाली कई पीढ़ियों तक पालमपुर उन्हें याद करता रहेगा।

# डा. शिव कुमार पंचतत्व में हुए विलीन



डा. शिव कुमार के पुत्र राघव शर्मा नम आंखों से पिता की तस्वीर पर पुष्प अर्पित करते हुए तथा अन्य पुष्प अर्पित करते हुए।

पालमपुर 30 नवम्बर (जसवंत कटोच)। पालमपुर के प्रमुख समाजसेवी एवं रोटरी क्लब के संस्थापक डा. शिवकुमार का मंगलवार को घुग्गर नाला स्थित श्मशान घाट में अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर कई लोगों ने उन्हें फूल अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। डा. शिवकुमार पालमपुर के सबसे पुराने चिकित्सक भी रहे हैं, जिन्होंने एमबीबीएस करके घुग्गर में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। डा. शिवकुमार पालमपुर से भाजपा के विधायक भी रहे तथा उसके उपरांत उनके मन में समाज सेवा का एक ऐसा जज्बा आया कि उन्होंने अपनी राजनीतिक जीवन को तिलांजलि ही दे दी। डा. शिव कुमार ने रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना की थी जिसके उपरांत उन्होंने पूरे हिमाचल के कई हिस्सों में रोटरी के विभिन्न आंखों के चिकित्सा संस्थान लोगों की सेवा के लिए खोले। डा. शिवकुमार सनातन धर्म सभा के भी अध्यक्ष रहे जिन्होंने पूरे उत्तरी भारत में सनातन धर्म शिक्षण संस्थानों के माध्यम से लोगों को अच्छे संस्थान मुहैया करवाए हैं। डा. शिव कुमार के अंतिम संस्कार के मौके पर पालमपुर के पूर्व विधायक बृज बिहारी लाल बुटेल, एसडीएम पालमपुर अमित गुलेरिया, रोटरी जिला 3070 पूर्व गवर्नर सुनील नागपाल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डा. विनय महाजन, हिमोत्कर्ष पदाधिकारी मनोज कंवर, डा. आदर्श, ऋषि, कौशल, अजय, विकास, संजीव, पालमपुर होटल एसो. के अध्यक्ष विनय शर्मा, सचिन शर्मा, रोटरी आई फाउंडेशन पदाधिकारी बीसी अवस्थी, भरत सूद के अलावा रोटरी आई अस्पताल मारंडा के डायरेक्टर डॉ. सुधीर सलोत्रा, डा. रोहित गर्ग, सीनियर रिफ्रेक्शनिस्ट केएस शर्मा, रोटरी चिकित्सक, स्टाफ अन्य राज्यों से आए रोटरी के उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# डॉ. शिव कुमार का घुग्घर नाला श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार

## पूर्व विधायक को बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

संवाद न्यूज एजेंसी

**पालमपुर(कांगड़ा)।** पालमपुर के प्रमुख समाजसेवी, रोटरी क्लब के संस्थापक एवं पूर्व विधायक डॉ. शिवकुमार का मंगलवार को घुग्घर नाला श्मशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया।

डॉ. शिव कुमार के बेटे रोटरी आई अस्पताल के निदेशक राघव शर्मा ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार से पहले उन्हें कई लोगों ने फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कई लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। डॉ. शिवकुमार पालमपुर के सबसे पुराने चिकित्सक भी रहे हैं, जिन्होंने एमबीबीएस कर घुग्गर में अपनी प्रेक्टिस शुरू की थी।

डॉ. शिवकुमार पालमपुर से भाजपा के विधायक भी रहे तथा उसके बाद उनके मन में समाजसेवा का एक ऐसा जज्बा आया कि उन्होंने अपनी राजनीतिक जीवन को तिलांजलि ही दे दी। डॉ. शिव कुमार ने रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना की थी। इसके बाद उन्होंने पूरे हिमाचल के कई हिस्सों में रोटरी के विभिन्न आंखों के चिकित्सक संस्थान लोगों की सेवा के लिए खोले। डॉ. शिव कुमार के अंतिम संस्कार पर पालमपुर के पूर्व विधायक बृज बिहारी लाल बुटेल, एसडीम पालमपुर अमित गुलेरिया, रोटरी जिला 3070 पूर्व गवर्नर सुनील नागपाल, मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ. विनय महाजन, प्रदेश भाजपा के पर्यटन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय शर्मा, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य अरविंद शर्मा, हिमोत्कर्ष पदाधिकारी मनोज कंवर, डॉ. आदर्श, ऋषि, कौशल, अजय, विकास, संजीव, सचिन वर्मा, रोटरी आई फाउंडेशन पदाधिकारी बीसी अवस्थी, भरत सूद, रोटरी आई अस्पताल मारंडा के डायरेक्टर डॉ. सुधीर सलोत्रा, डॉ. रोहित गर्ग, सीनियर रिफ्रेक्शनिस्ट केएस शर्मा, अन्य रोटरी चिकित्सक, स्टाफ तथा अन्य राज्यों से आए रोटरी के उच्च अधिकारी और विभिन्न रोटेरियन उपस्थित रहे।



अंतिम संस्कार से पहले पिता को श्रद्धांजलि देते राघव शर्मा। संवाद

# पूर्व विधायक डा. शिवकुमार पंच तत्त्व में विलीन

## घुग्गर नाला में रोटरी क्लब के संस्थापक के अंतिम संस्कार में पार्थिव शरीर को किया नमन

कार्यालय संवाददाता–पालमपुर

पालमपुर के प्रमुख समाजसेवी एवं रोटरी क्लब के संस्थापक डा. शिवकुमार का मंगलवार को घुग्गर नाला श्मशानघाट में अंतिम संस्कार कर दिया गया। इस अवसर पर कई महत्त्वपूर्ण लोगों ने उन्हें फूल अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। डा. शिवकुमार पालमपुर के सबसे पुराने चिकित्सक भी रहे हैं। जिन्होंने एमबीबीएस करके घुग्गर में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी। डा. शिवकुमार पालमपुर से भाजपा के विधायक भी रहे तथा उसके उपरांत उनके मन में समाज सेवा का एक ऐसा जज्बा आया कि उन्होंने अपनी राजनीतिक जीवन को तिलांजलि ही दे दी। डा. शिव कुमार ने रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना की थी जिसके उपरांत





उन्होंने पूरे हिमाचल के कई हिस्सों में रोटरी के विभिन्न आंखों के चिकित्सक संस्थान लोगों की सेवा के लिए खोले। डा. शिवकुमार सनातन धर्म सभा के भी अध्यक्ष थे जिन्होंने पूरे भारत में सनातन धर्म शिक्षण संस्थानों के माध्यम से लोगों को अच्छे संस्थान मुहैया करवाए हैं। डा. शिव कुमार के अंतिम संस्कार पर पालमपुर के पूर्व विधायक बृज बिहारी लाल बुटेल, एसडीएम पालमपुर अमित गुलेरिया, रोटरी जिला 3070 पूर्व गवर्नर सुनील नागपाल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डाक्टर विनय महाजन, हिमोत्कर्ष पदाधिकारी मनोज कंवर, डाक्टर आदर्श, ऋषि, कौस्तव, अजय, विकास, संजीव, पालमपुर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय शर्मा, सचिन शर्मा, रोटरी आई फाउंडेशन पदाधिकारी बीसी अवस्थी, भरत सूद, रोटरी आई अस्पताल मारंडा के डायरेक्टर डाक्टर सुधीर सलोत्रा, डाक्टर रोहित गर्ग, सीनियर रिफ्रैक्शनिस्ट केएस शर्मा, अन्य रोटरी चिकित्सक, स्टाफ तथा अन्य राज्यों से आए रोटरी के उच्चाधिकारी, विभिन्न रोटेरियन उपस्थित रहे।

जेसीसी में कर्मचारियों को नहीं मिला लाभ

अग्नि पीड़ित को आज तक नहीं मिला मुआवजा

# डॉ. शिव कुमार का घुग्घर नाला श्मशानघाट पर अंतिम संस्कार

## पूर्व विधायक को बड़ी संख्या में लोगों ने नम आंखों से दी श्रद्धांजलि

संवाद न्यूज एजेंसी

**पालमपुर(कांगड़ा)।** पालमपुर के प्रमुख समाजसेवी, रोटरी क्लब के संस्थापक एवं पूर्व विधायक डॉ. शिवकुमार का मंगलवार को घुग्घर नाला श्मशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया।

डॉ. शिव कुमार के बेटे रोटरी आई अस्पताल के निदेशक राघव शर्मा ने अपने पिता को मुखाग्नि दी। उनके अंतिम संस्कार से पहले उन्हें कई लोगों ने फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कई लोगों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई दी। डॉ. शिवकुमार पालमपुर के सबसे पुराने चिकित्सक भी रहे हैं, जिन्होंने एमबीबीएस कर घुग्घर में अपनी प्रैक्टिस शुरू की थी।

डॉ. शिवकुमार पालमपुर से भाजपा के विधायक भी रहे तथा



अंतिम संस्कार से पहले पिता को श्रद्धांजलि देते राघव शर्मा। संवाद

उसके बाद उनके मन में समाजसेवा का एक ऐसा जज्बा आया कि उन्होंने अपनी राजनीतिक जीवन को तिलांजलि ही दे दी। डॉ. शिव कुमार ने रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना की थी। इसके बाद उन्होंने पूरे हिमाचल के कई हिस्सों में रोटरी के विभिन्न आंखों के चिकित्सक संस्थान लोगों की सेवा के लिए खोले। डॉ. शिव कुमार के अंतिम संस्कार पर पालमपुर के पूर्व विधायक बृज बिहारी लाल बुटेल, एसडीएम पालमपुर अमित गुलेरिया, रोटरी जिला 3070 पूर्व गवर्नर सुनील नागपाल, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट डॉ. विनय महाजन, प्रदेश भाजपा के पर्यटन प्रकोष्ठ के संयोजक विनय शर्मा, प्रदेश भाजपा कार्यकारिणी सदस्य अरविंद शर्मा, हिमोत्कर्ष पदाधिकारी मनोज कंवर, डॉ. आदर्श, ऋषि, कौस्तव, अजय, विकास, संजीव, सचिन शर्मा, रोटरी आई फाउंडेशन पदाधिकारी बीसी अवस्थी, भरत सूद, रोटरी आई अस्पताल मारंडा के डायरेक्टर डॉ. सुधीर सलोत्रा, डॉ. रोहित गर्ग, सीनियर रिफ्रैक्शनिस्ट केएस शर्मा, अन्य रोटरी चिकित्सक, स्टाफ तथा अन्य राज्यों से आए रोटरी के उच्च अधिकारी और विभिन्न रोटेरियन उपस्थित रहे।

# पूर्व विधायक डा. शिव कुमार पंचतत्व में विलीन

पालमपुर, 30 नवम्बर (भृगु): पूर्व विधायक, समाजसेवी एवं रोटरी क्लब के संस्थापक डा. शिव कुमार मंगलवार को पंचतत्व में विलीन हो गए। उनकी पार्थिव देह का घुग्गर नाला मंदिर श्मशानघाट में अंतिम संस्कार किया गया।

डा. शिव कुमार का सोमवार को चंडीगढ़ के निजी चिकित्सा संस्थान में निधन हो गया था जिसके पश्चात उनकी पार्थिव देह नेत्र चिकित्सालय मारंडा में रखी गई थी।

घुग्गर नाला मंदिर श्मशानघाट में रीति-रिवाज के अनुसार उनका अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल, एस.डी.एम. डा. अमित गुलेरिया, रोटरी जिला 3070 पूर्व गवर्नर सुनील नागपाल, चिकित्सा अधीक्षक डा. विनय महाजन, सुदर्शन वासुदेवा, हिमोत्कर्ष पदाधिकारी मनोज कंवर, डा. आदर्श, ऋषि, कौस्तव, अजय, विकास, संजीव, भाजपा पर्यटन प्रकोष्ठ के संयोजक व पालमपुर होटल एसोसिएशन के अध्यक्ष विनय शर्मा, रोटरी आई फाऊंडेशन पदाधिकारी बी.सी. अवस्थी, भरत सूद, भाजपा जिलाध्यक्ष हरी दत्त शर्मा, रोटरी आई अस्पताल मारंडा के डायरैक्टर डा. सुधीर सलोत्रा, डा. रोहित गर्ग, सीनियर रिफ्रैक्शनिस्ट के.एस. शर्मा, रोटरी चिकित्सक, स्टाफ तथा अन्य राज्यों के रोटरी उच्चाधिकारी उपस्थित रहे।



*पालमपुर: डा. शिव कुमार को मुखाग्नि और श्रद्धांजलि देते (इनसैट) स्व. डा. शिव कुमार के पुत्र राघव शर्मा।* (सूद)

# समाजसेवी शिव कुमार के कार्यों को आगे बढ़ाना ही उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी : शांता कुमार





*पालमपुर : डा. शिव कुमार को श्रद्धांजलि देते शहीद सौरभ कालिया के पिता एन.के. कालिया तथा (दाएं) कार्यक्रम में उपस्थित लोग।* (सुरेश)

पालमपुर, 9 दिसम्बर (सुरेश): समाजसेवा के प्रति समर्पित रहे महान समाजसेवी डा. शिव कुमार की श्रद्धांजलि सभा में रोटरी आई फाऊंडेशन मारंडा, सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब, सनातन एजुकेशन बोर्ड चंडीगढ़ के अलावा देश व प्रदेश के कई हिस्सों से रोटरी और सनातन धर्म सभा के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया। डा. शिव कुमार को श्रद्धांजलि देने हेतु वीरवार को ओर्चिड रिजॉर्ट में कार्यक्रम रखा गया था। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार ने कहा कि शिव कुमार जैसे व्यक्ति के लिए सबसे बड़ी और सच्ची श्रद्धांजलि यही होगी कि उनकी संस्थाओं से जुड़े लोग उनके कठोर परिश्रम द्वारा संचालित किए गए कार्यों को उसी तेजी से आगे बढ़ाएं। उन्होंने कहा कि यह एक परिवार का नुक्सान नहीं बल्कि पूरे प्रदेश का नुक्सान है, जिसे पूरा नहीं किया जा सकता। इसके अलावा पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल, पंजाब के पूर्व मंत्री उपेंद्र सिंह, सनातन धर्म महावीर दल अध्यक्ष स्वरूप बिहारी शरन, सचिव सनातन धर्म एजुकेशन बोर्ड गुरदीप शर्मा, महामंत्री एस.डी. सभा नंद किशोर, रोटरी अस्पताल के निदेशक डा. सुधीर सलोत्रा, पूर्व रोटरी जिला गवर्नर सुनील नागपाल, पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष आदर्श कुमार ने श्रद्धांजलि हेतु अपने विचार रखे। इस मौके पर विधायक नगरोटा अरुण कूका, सनातन धर्म एजुकेशन सोसायटी अध्यक्ष देशबंधु शर्मा, वाई.पी. नागपाल, डा. रोहित गर्ग, पूनम सलोत्रा, डा. विवेक शर्मा, विनय शर्मा, सुरिंदर मोहन, डा. के.एस. शर्मा, रोटरी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा कई गण्यमान्य लोग उपस्थित हुए।



पालमपुर : हरिद्वार में स्व. डा. शिव कुमार शर्मा को श्रद्धासुमन अर्पित करते लोग। (चित्र)

## नहीं रहे दक्षिणा आ स्वामी विशुद्धानं

पपरोला, 2 दिसम्बर (स.ह.): दक्षिणा काली आश्रम के संचालक बीड़ के स्वामी विशुद्धानंद जी सरस्वती गुरुवार सुबह सवा 3 बजे सांसारिक लोक से विदा हो गए। स्वामी विशुद्धानंद जी सरस्वती पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे और पालमपुर स्थित विवेकानंद अस्पताल में उपचाराधीन थे। लगभग 145 वर्षीय स्वामी जी के लाखों अनुयायी हैं। उनकी समाधि

# डा. शिव कुमार की अस्थियां गंगा में विसर्जित

पालमपुर, 2 दिसम्बर (भृगु): श्री सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक, समाज सेवी डा. शिव कुमार शर्मा की अस्थियां सती घाट कनखल में वैदिक विधि-विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गईं। उनके छोटे भाई डा. देशबंधु और उनके बेटे राघव शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य गंगा में उनकी अस्थियां प्रवाहित कीं। उनकी अस्थियां हरिद्वार के सप्त ऋषि आश्रम में पहुंची थीं।

सती घाट कनखल में गंगा में अस्थि विसर्जन के समय श्री मिथिलेश सनातन धर्म इंटर कालेज कनखल हरिद्वार के प्रबंधक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, महावीर दल गीता भवन के प्रभारी सुभाष सिंह घई, कालेज की प्रधानाचार्या मीनाक्षी शर्मा, जगदेव सिंह संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित राजेंद्र गोनियाल, वरिष्ठ शिक्षक राजीव पंत, तीर्थ पुरोहित सभा कनखल के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र शास्त्री, संकल्प गुप्ता, उमेश कुमार, सप्त ऋषि आश्रम के प्रबंधक विनोद सैनी, गोपाल दत्त जोशी, भारतेंदु कौशल, गोविंद व गंभीर सिंह राणा आदि उपस्थित थे। सभी ने अस्थि कलश में पुष्पांजलि अर्पित की।

## श्री विजय कुमार चोपड़ा ने जताई संवेदना

*पंजाब केसरी के प्रधान संपादक श्री विजय कुमार चोपड़ा ने डा. शिव कुमार के दुखद निधन पर संवेदना व्यक्त की है। अपने संस्मरण साझा करते हुए श्री विजय कुमार चोपड़ा ने कहा कि वर्ष 1942 में उन्हें अपने पिता लाला जगत नारायण जी के मित्र पंडित अमरनाथ शर्मा जी (डा. शिव कुमार के पिता) के साथ उनके पालमपुर स्थित पैतृक निवास पर आने का अवसर प्राप्त हुआ था। उन्होंने कहा कि कुछ वर्ष पूर्व भी जब वह पालमपुर आए थे तो उन्होंने डा. शिव कुमार से भेंट की थी तथा उनके द्वारा रोटरी के माध्यम से चलाए जा रहे विभिन्न प्रकल्पों को देखा था। डा. शिव कुमार शर्मा के निधन पर संवेदना व्यक्त करते हुए श्री विजय कुमार चोपड़ा ने भगवान से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की कामना की है*

# डा. पंडित शिवकुमार शर्मा की अस्थियां गंगा में विसर्जित

**नगर संवाददाता–पालमपुर**

पूर्व विधायक एवं सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समाजसेवी डा. शिवकुमार शर्मा की अस्थियां गुरुवार को सती घाट कनखल में वैदिक विधि विधान के साथ गंगा में विसर्जित की गईं। उनके छोटे भाई डाक्टर देशबंधु और उनके बेटे राघव शर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चारण के मध्य गंगा में उनकी अस्थियां प्रवाहित कीं। इस अवसर पर उनके तीर्थ पुरोहित पंडित प्रदीप झा ने अस्थि विसर्जन की क्रिया को संपन्न करवाया। उनकी अस्थियां पालमपुर से बुधवार रात हरिद्वार के सप्त ऋषि आश्रम में पहुंची थीं। सती घाट में गंगा में अस्थि विसर्जन से पूर्व सप्त ऋषि आश्रम में उनके अस्थि कलश को दर्शनार्थ रखा गया। जहां पर लोगों ने उनके अस्थि कलश पर पुष्पांजलि अर्पित की और जगदेव सिंह संस्कृत महाविद्यालय के छात्रों ने गीता पाठ किया। सती घाट कनखल में गंगा में अस्थि विसर्जन के समय मिथिलेश सनातन धर्म इंटर कालेज कनखल हरिद्वार के प्रबंधक पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष सतपाल ब्रह्मचारी, महावीर दल गीता भवन के प्रभारी सुभाष सिंह घई, कालेज की प्रधानाचार्य मीनाक्षी शर्मा, जगदेव सिंह संस्कृत महाविद्यालय के प्रधानाचार्य पंडित राजेंद्र गोनियाल, वरिष्ठ शिक्षक राजीव पंत, तीर्थ पुरोहित सभा कनखल के अध्यक्ष पंडित जितेंद्र शास्त्री, संकल्प गुप्ता, उमेश कुमार, सप्त ऋषि आश्रम के प्रबंधक विनोद सैणी, गोपाल दत्त जोशी, भारतेंदु कौशल, गोविंद, गंभीर सिंह राणा आदि उपस्थित थे।

## दिवंगत पूर्व विधायक व प्रख्यात समाज सेवक डा. शिव कुमार को सीएम ने दी श्रंद्धाजलि



**पालमपुर (जसवंत कटियाल) :** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पालमपुर के पूर्व विधायक दिवंगत डॉ शिव कुमार के निवास पहुंच कर उनके बेटे राघव से मिले और डॉ शिव को श्रद्धांजलि दी। सीएम जयराम ठाकुर ने दिवंगत पूर्व विधायक व प्रख्यात समाज सेवक डॉ शिव कुमार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। सीएम ने कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश के लिए ऐसे समाज सेवक की कमी खलती रहेगी।


## दिवंगत पूर्व विधायक व प्रख्यात समाज सेवक डा. शिव कुमार को सीएम ने दी श्रंद्धाजलि





**पालमपुर (जसवंत कटियाल) :** मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर पालमपुर के पूर्व विधायक दिवंगत डॉ शिव कुमार के निवास पहुंच कर उनके बेटे राघव से मिले और डॉ शिव को श्रद्धांजलि दी। सीएम जयराम ठाकुर ने दिवंगत पूर्व विधायक व प्रख्यात समाज सेवक डॉ शिव कुमार के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त की। सीएम ने कहा कि प्रदेश ही नहीं पूरे देश के लिए ऐसे समाज सेवक की कमी खलती रहेगी।




**Jairam Thakur**
1d ·

पूर्व विधायक एवं समाज सेवी डॉ. शिव कुमार जी के निधन के उपरांत आज हमने पालमपुर स्थित घुग्घर उनके घर पहुंचकर शोक संतप्त परिवारजनों से अपनी संवेदना व्यक्त की।

ईश्वर दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान तथा शोकग्रस्त परिवार को संबल प्रदान करें।

### डा. शिव कुमार के स्वजन से जताई संवेदना

मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर, पार्टी प्रभारी अविनाश राय खन्ना व विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने पालमपुर के साथ लगते घुग्घर में पूर्व विधायक व समाजसेवी स्वर्गीय डा. शिव कुमार के घर पहुंचे। उन्होंने शोक संतप्त परिवार के साथ संवेदनाएं व्यक्त कीं।



पालमपुर के साथ लगते घुग्घर में स्वर्गीय डा. शिव कुमार के स्वजन से मिलने पहुंचे मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर व अन्य● जागरण

## पूर्व विधायक डॉ. शिव कुमार को दी श्रद्धांजलि

पालमपुर (कांगड़ा)। पूर्व विधायक एवं समाजसेवी डॉ. शिव कुमार को श्रद्धांजलि दी गई। इसमें देश के कई हिस्सों से रोटरी और सनातन धर्म सभा के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे। श्रद्धांजलि समारोह में करीब एक हजार की संख्या में लोग पहुंचे। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल, पंजाब के पूर्व मंत्री उपेंद्र सिंह, सनातन धर्म महावीर दल अध्यक्ष स्वरूप बिहारी शरन, सचिव सनातन धर्म एजुकेशन बोर्ड गुरदीप शर्मा, महामंत्री एसडी सभा नंद किशोर, रोटरी अस्पताल के निदेशक डॉ. सुधीर सलोत्रा, पूर्व रोटरी जिला गवर्नर सुनील नागपाल, पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष आदर्श कुमार ने अपने विचार रखे। इस मौके पर विधायक नगरोटा अरुण कूका, सनातन धर्म एजुकेशन सोसायटी अध्यक्ष देशबंधु शर्मा, वाईपी नागपाल, डॉ. रोहित गर्ग, डॉ. पूनम सलोत्रा, डॉ. विवेक शर्मा, विनय शर्मा, सुरिंद्र मोहन, डॉ. एसके शर्मा, रोटरी संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा कई लोग उपस्थित हुए। संवाद

## डॉ शिवकुमार की पुण्यतिथि पर हर वर्ष होगा खेलों का आयोजनः अश्विनी शर्मा

पालमपुर। रोटरी सेवा आश्रम सल्याणा के प्रांगण में शनिवार को राज्य स्तरीय विशेष ओलंपिक खेलों के लिए फुटबाल टीम का ट्रायल हुआ। समारोह की अध्यक्षता रोटेरियन प्रशांत भसीन, जिला प्रधान, विशेष ओलंपियाड ने की। ट्रायल में सेवा आश्रम सल्याणा के खिलाड़ियों का प्रदर्शन प्रशंसनीय रहा। समारोह से पूर्व जाने माने समाजसेवी तथा रोटरी हेल्पज फाउंडेशन, रोटरी आई फाउंडेशन तथा रोटरी भवन के संस्थापक स्वर्गीय डॉ. शिवकुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। श्रद्धांजलि समारोह में बाहर से आए हुए अतिथिगण, विशेष बच्चे, रोटरी हॉस्टल के बच्चे, अपना घर के निवासी तथा स्थानीय लोगों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर अपने संदेश में डॉ. अश्वनी शर्मा अध्यक्ष हैल्पेज फाउंडेशन सलियाना ने घोषणा की कि श्रद्धेय डॉ. शिवकुमार की पुण्यतिथि पर हर वर्ष विशेष बच्चों तथा रोटरी हॉस्टल जैसी संस्थाओं के बच्चों के लिए डॉ. शिव कुमार स्मृति खेलों का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर डॉक्टर अश्वनी कुमार अध्यक्ष, रोटरी हेल्पेज फाउंडेशन, केजी बुटेल उपाध्यक्ष इंजीनियर वाईपी नागपाल, रोटेरियन कपिल सूद रोटेरियन डा विवेक शर्मा, रोटेरियन वीसी अवस्थी और राघव शर्मा आदि मौजूद रहे।

# ऑर्किड रिसॉर्ट में डॉ. शिव कुमार को दी श्रद्धांजलि

हिमाचल दस्तक। पालमपुर



डॉ. शिव कुमार को श्रद्धांजलि देने के लिए वीरवार को ऑर्किड रिसॉर्ट में कार्यक्रम रखा गया था, जहां देश के कई हिस्सों से रोटरी ओर सनातन धर्म सभा के प्रतिनिधि पधारे थे। लोगों ने डॉ. शिव को श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, पालमपुर के विधायक आशीष बुटेल, पंजाब के पूर्व मंत्री उपेंद्र सिंह, सनातन धर्म महावीर दल अध्यक्ष स्वरूप बिहारी शरन, सचिव सनातन धर्म एजुकेशन बोर्ड गुरदीप शर्मा, महामंत्री एसडी सभा नंद किशोर, रोटरी अस्पताल के निदेशक डॉ. सुधीर सलोत्रा, पूर्व रोटरी जिला गवर्नर सुनील नागपाल, पूर्व रोटरी क्लब अध्यक्ष आदर्श कुमार ने श्रद्धांजलि हेतु अपने विचार रखे। बता दें डॉ. शिवकुमार हमारे मध्य से 29 नवंबर को अनंत यात्रा पर चले गए थे उस समय हर घर में यह माहौल था कि कोई उनका अपने घर का व्यक्ति बिछड़ गया हो। दिवंगत डॉ. शिव कुमार के कार्य रोटरी के माध्यम से उनके कृतित्व का जीता जागता प्रमाण है, जिसमें रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना 1978 में, रोटरी भवन व ट्रस्ट की स्थापना 1981 में, रोटरी फाउंडेशन 1981 में मेला मल सूद रोटरी आई हॉस्पिटल मोरिंडा 1985 में, उसके साथ ऊना, परागपुर व बीड में सेटेलाइट आई हॉस्पिटल, रोटरी हेल्पज फाउंडेशन की स्थापना 1991 में, वृद्धों के लिए अपना घर 1994 में, बाल आश्रम की स्थापना 1995 में, रोटरी बसेरा 2002 में, रोटरी दिव्यांग बच्चों का स्कूल 2003 में, रोटरी नारी उत्थान केंद्र 2004 में, रोटरी आईटीआई महिलाओं के लिए 2007 में, रोटरी फिजियोथैरेपी सेंटर 2004 में, और रोटरी वुमन एंड चाइल्ड केयर हॉस्पिटल 2018 में हुई जहां लाखों लोग लाभान्वित हो रहे हैं। शांता कुमार ने कहा कि रोटरी समझता है कि समाज सेवा की अग्रिम पंक्ति में मूल्य निष्ठ समाज सेवा करने वाले एक युग दृष्टा वह युग श्रेष्ठ द्वारा संचालित काल खंड का अंत हुआ है। यह परिवार का नुकसान नहीं यह प्रदेश का नुकसान है।

## डा. शिव की पुण्यतिथि पर होंगी खेलें



डाक्टर शिवकुमार को श्रद्धासुमन अर्पित करते रोटेरियन प्रशांत भसीन • जागरण

पालमपुर : रोटरी सेवा आश्रम सल्याणा के प्रांगण में शनिवार को राज्यस्तरीय विशेष ओलिंपिक खेलों के लिए फुटबाल टीम का ट्रायल हुआ। समारोह की अध्यक्षता रोटेरियन प्रशांत भसीन, जिला प्रधान विशेष ओलंपियाड ने की। ट्रायल में सेवा आश्रम सल्याणा के खिलाड़ियों का प्रदर्शन सराहनीय रहा। समारोह से समाजसेवी तथा रोटरी हेल्पज फाउंडेशन, रोटरी आइ फाउंडेशन तथा रोटरी भवन के संस्थापक स्वर्गीय डा. शिवकुमार को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर डा. अश्वनी शर्मा अध्यक्ष फाउंडेशन सलियाना ने घोषणा की कि डा. शिवकुमार की पुण्यतिथि पर हर वर्ष विशेष बच्चों तथा रोटरी हास्टल जैसी संस्थाओं के बच्चों के लिए डा. शिव कुमार स्मृति खेलों का आयोजन किया जाएगा। विजेताओं के लिए ट्राफी के साथ उपहार भी रखे जाएंगे। इस अवसर पर डाक्टर अश्वनी कुमार अध्यक्ष, रोटरी हेल्पेज फाउंडेशन, केजी बुटेल उपाध्यक्ष, इंजीनियर वाइपी नागपाल, रोटेरियन कपिल सूद, रोटेरियन डा. विवेक शर्मा, रोटेरियन वीसी अवस्थी और राघव शर्मा, मुख्य प्रबंधक आइ फाउंडेशन के साथ अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। संवा

# समाजसेवी डा. शिव कुमार को दी श्रद्धांजलि

**संवाद सहयोगी, पालमपुर :** सनातन धर्म सभा के अध्यक्ष एवं समाजसेवी डा. शिव कुमार को श्रद्धांजलि देने के लिए वीरवार को आर्किड रिसोर्ट में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री शांता कुमार, विधायक आशीष बुटेल, पंजाब के पूर्व मंत्री उपेंद्र सिंह, सनातन धर्म महावीर दल अध्यक्ष स्वरूप बिहारी शरन, सचिव सनातन धर्म एजुकेशन बोर्ड गुरदीप शर्मा, महामंत्री एसडी सभा नंदकिशोर, रोटरी अस्पताल के निदेशक डा. सुधीर सलोत्रा, पूर्व रोटरी जिला गवर्नर सुनील नागपाल, रोटरी क्लब के पूर्व अध्यक्ष आदर्श कुमार आदि ने डा. शिव कुमार को श्रद्धांजलि दी।

डा. शिव कुमार का निधन 29 नवंबर को हुआ था। उन्होंने रोटरी क्लब के माध्यम से कई कार्य किए हैं। इसमें रोटरी क्लब पालमपुर की स्थापना, रोटरी भवन व ट्रस्ट की स्थापना, मेला मल सूद रोटरी आइ हास्पिटल, ऊना, परागपुर व बीड़ में सेटेलाइट आइ हास्पिटल, रोटरी हेल्पर्स फाउंडेशन की स्थापना, अपना घर, बाल आश्रम, रोटरी बसेरा, रोटरी दिव्यांग बच्चों का स्कूल, रोटरी नारी उत्थान केंद्र, रोटरी आइटीआइ, रोटरी फिजियोथैरेपी सेंटर व रोटरी वूमेन एंड चाइल्ड केयर हास्पिटल आदि शामिल हैं। शांता कुमार ने कहा कि समाजसेवा करने वाले एक युग का अंत हुआ है। यह परिवार का ही नहीं, बल्कि प्रदेश का नुकसान है। इस मौके पर विधायक अरुण कूका, सनातन धर्म एजुकेशन सोसायटी अध्यक्ष देशबंधु शर्मा, वाइपी नागपाल, डा. रोहित गर्ग, पूनम सलोत्रा, डा. विवेक शर्मा, विनय शर्मा, सुरिंद्र मोहन, डा. केएस शर्मा, रोटरी संस्थाओं के प्रतिनिधि आदि उपस्थित थे।

# डा. शिव कुमार के निधन पर किया शोक व्यक्त

शाहपुर, 6 दिसंबर (कोहली): पूर्व विधायक एवं चेयरमैन रोटरी आई फाउंडेशन पालमपुर डा. शिव कुमार के निधन पर प्रदेश युवा कांग्रेस समन्वयक राहुल उपमन्यु व पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल जिला चम्बा राजीव उपमन्यु ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की व कहा कि जहां उनका क्षेत्र के विकास के लिए बहुत योगदान रहा। वहीं उनका स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बहुत बड़ा योगदान रहा। राजीव उपमन्यु ने बताया कि उनके पिता पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित शिव कुमार उपमन्यु डा. शिव कुमार के बहुत अच्छे दोस्त थे। उन्होंने कहा कि उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता।

## डॉ. शिव कुमार के निधन पर जताया शोक

**शाहपुर।** पूर्व विधायक एवं चेयरमैन रोटरी आई फाउंडेशन पालमपुर डॉ. शिव कुमार के निधन पर प्रदेश युवा कांग्रेस समन्वयक राहुल उपमन्यु व पूर्व अध्यक्ष कांग्रेस सेवादल जिला चंबा राजीव उपमन्यु ने शोक व्यक्त किया है और उन्होंने भगवान से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की । उन्होंने कहा कि जहां उनका क्षेत्र के विकास के लिए बहुत योगदान रहा, वहीं उनका स्वास्थ्य क्षेत्र में भी बहुत बड़ा योगदान रहा । राजीव उपमन्यु ने बताया कि उनके पिता पूर्व मंत्री स्वर्गीय पंडित शिव कुमार उपमन्यु डॉ. शिव कुमार के बहुत अच्छे दोस्त थे । उन्होंने कहा कि उनकी कमी को पूरा नहीं किया जा सकता ।

# जीएस बाली, शिव कुमार, बोधराज याद किए

## तपोवन में शोकोद्गार प्रस्ताव के साथ शुरू हुआ विधानसभा का शीत सत्र





**दिव्य हिमाचल ब्यूरो - धर्मशाला**

धर्मशाला के तपोवन विधानसभा में शुक्रवार को शीतकालीन सत्र की शुरुआत शोकोद्गार प्रस्ताव के साथ हुई। सदन ने पूर्व विधानसभा सदस्यों के निधन सहित हाल ही में तमिलनाडु के कुनूर में हुए हेलीकाप्टर हादसे में सीडीएस बिपिन रावत सहित उनकी धर्मपत्नी और 11 अन्य सैन्य अधिकारियों के निधन पर शोक प्रकट किया गया। सदन ने तीन पूर्व विधानसभा सदस्यों जीएस बाली, बोध राज तथा डा. शिव कुमार के निधन पर शोक प्रकट किया गया। मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने सदन में शोकोद्गार प्रस्ताव पर बोलते हुए कहा कि इन तीनों सदस्यों के चले जाने से प्रदेश की राजनीति को बड़ी क्षति पहुंची है। इन सभी का सदन में विशेष योगदान रहा है। इसके अलावा मुख्यमंत्री ने कुनूर हेलिकॉप्टर हादसे में शहीद हुए सीडीएस बिपिन रावत और उनकी धर्मपत्नी सहित 11 अन्य सेना के अधिकारियों व जवानों के शहीद होने पर सदन की ओर से श्रद्धांजलि दी। इसके अलावा मंत्री महेंद्र सिंह, सुरेश भारद्वाज, राकेश पठानिया, राजीव बिंदल, आशीष बुटेल, रवि धीमान, रीता धीमान, धनी राम शांडिल्य, राम लाल ठाकुर, राकेश सिंघा, अरुण मेहरा, लखविंदर राणा, विशाल नेहरिया आदि विधायक शोकोद्गार में शामिल हुए। वहीं, विधानसभा अध्यक्ष विपिन सिंह परमार ने भी सीडीएस विपिन रावत, विवेक कुमार सहित सभी जवानों के अलावा पूर्व विधायकों, शिव कुमार, जीएस बाली और बोध राज के कार्यों को याद किया।

### नए विधायकों का सदन से परिचय

सत्र के पहले दिन हाल ही में हुए उपचुनाव में चुनकर विधानसभा पहुंचे कांग्रेस के तीन विधायकों जुब्बल कोटखाई से रोहित ठाकुर, अर्की से संजय अवस्थी तथा फतेहपुर से भवानी सिंह पठानिया का भी सदन में परिचय करवाया गया।

# शनि सेवा सदन ने डा. शिव कुमार को दी श्रद्धांजलि



पालमपुर : पूर्व विधायक एवं समाजसेवी डा. शिव कुमार की स्मृति में नेहरू चौक के शनि मंदिर के प्रांगण में श्रद्धांजलि समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नेहरू चौक मार्कीट न्यू काम्पलैक्स के सभी कारोबारियों व शनि सेवा सदन के सदस्यों ने डा. शिव कुमार की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी श्रद्धांजलि दी।



बैजनाथ : पंडित अमरनाथ एस.डी. सीनियर सैकेंडरी पब्लिक स्कूल बैजनाथ में रोटरी आई फाऊंडेशन के अध्यक्ष डा. शिव कुमार को श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक किशोरी लाल, नगर पंचायत अध्यक्ष कांता देवी, यू.आर. चीमा, डी.सी. पराशर, गायत्री दत्त भारद्वाज, कर्नल रंजीत, जितेंद्र कौशल, कश्मीर सिंह राजपूत, चमन डोहरू, विनोद शर्मा, प्रीतम भारती, राजकुमार सूद, अनिल शर्मा, राजेश राणा, सुनील भंगालिया व सी.एल. शर्मा आदि उपस्थित रहे। (वड़)

# डा. शिव कुमार के निधन पर जताया शोक

**संवाद सहयोगी, ऊना** : पूर्व विधायक एवं रोटरी आइ फाउंडेशन के चेयरमैन, पैट्रन हिमोत्कर्ष परिषद तथा चार्टर प्रेजिडेंट रोटरी क्लब पालमपुर डा. शिव कुमार का सोमवार सुबह निधन हो गया। उनके निधन से प्रदेश भर में शोक की लहर दौड़ गई है। डा. शिव कुमार के निधन पर हिमोत्कर्ष परिषद ने गहरा दुख प्रकट किया है। हिमोत्कर्ष साहित्य संस्कृति एवं जनकल्याण परिषद के प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर ने कहा कि डा. शिव कुमार के निधन से हुई क्षति की कभी भरपाई नहीं हो सकती। वह हमेशा दीन-दुखियों की सेवा के लिए आगे रहे। डा. शिव कुमार ने चिकित्सा पेशे को समाजसेवा का जरिया माना है। उन्होंने पालमपुर के मारंडा में एक बड़ा रोटरी आइ अस्पताल, परागपुर में एक सेटेलाइट नेत्र अस्पताल और घुसाड़ा में नेत्र अस्पताल की स्थापना की जहां पर आज बड़ी संख्या में लोगों को लाभ मिल रहा है। डा. शिव कुमार को गरीब और दलितों के उत्थान में उनकी भागीदारी के लिए हिमोत्कर्ष पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। उनके निधन पर हिमोत्कर्ष प्रदेशाध्यक्ष जतिंद्र कंवर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष पूर्ण लाल शर्मा, महासचिव डा. रविंद्र सूद, ठाकुर यशपाल सिंह, नरेश सैनी, कर्णपाल सिंह मनकोटिया, निशांत चौधरी, सुरेश कुमार, हिमोत्कर्ष महिला मंच अध्यक्ष दीपशिखा कौशल, सचिव पूजा कपिला ने गहरा दुख जताया है।

# झलकियां
## डॉ. शिवकुमार द्वारा रोटरी के माध्यम से किए गए सेवाकार्य


















# झलकियां

## डॉ. शिवकुमार द्वारा सनातन धर्म प्रतिनिधि सभा पंजाब के माध्यम से आयोजित गतिविधियां















